कोटद्वार,गुरूवार
25 जनवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 263 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# होम स्टे के लिए 100 % अनुदान, खिलाड़ियों को 4 फीसदी आरक्षण

## कैबिनेट के फैसले

**देहरादून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी सरकार ने होम स्टे के लिए 100 फीसदी अनुदान देने का फैसला लिया है। इसके साथ ही सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों को 4 फीसदी आरक्षण का लाभ भी मिलेगा। सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज बुधवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों को आरक्षण देने के लिए विधानसभा में विधेयक पेश किया जाएगा। सीएम धामी सरकार ने गन्ना मूल्य में 20 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी का फैसला भी लिया है। कैबिनेट बैठक में विभिन्न विभागों के सहायक अभियंताओं को 4 हजार रुपये वाहन भत्ते के रूप में भी मिलेगा।



उत्तराखंड में मछली के तालाब 10 साल के लिए नीलाम हों। सीएम धामी सरकार की कैबिनेट बैठक में ओबीसी आयोग के कार्यकाल को एक साल बढ़ाने का फैसला लिया गया है। उत्तराखंड में हाउस ऑफ हिमालया के उत्पादों की मॉनिटरिंग के लिए अब कंपनी बनाने का निर्णय भी लिया गया है।

इसके साथ ही इस कैबिनेट में पुराने वाहन भत्ते में संशोधन। अब 1200 से 4000 तक किया। पहले 200 से 2700 तक था। चाइल्ड केअर लीव में पहले 365 तक शत प्रतिशत वेतन था। उसके बाद 80 प्रतिशत था। अब तीसरे साल में भी 100 प्रतिशत मिलेगा। व्यक्तिगत सहायक में पदोन्नति के लिए 4800 का नया ग्रेड होगा। व्यवसाय श्रम विधेयक 2020 में पास हुआ था। इसे केंद्र को भेजा गया था। भारत सरकार ने कहा कि इसे वापस लिया जाए, इसलिए राज्य का वापस होगा। खनन नियमावली में संशोधन। वीडियोग्राफी भी होगी ताकि ज्यादा गहरा खनन न हो। खनन के ढांचे को लेकर सात अतिरिक्त पदों को स्वीकृति मिली। छह डिस्ट्रिक्ट माइनिंग ऑफिसर और एक डीजी के लिए पीएस का पद। हर जिले में एक ऑफिसर होगा। पुरानी जेल परिसर देहरादून में बार एसोसिएशन को 30 साल के लिए पांच बीघा जमीन दी गई हैं। एक रुपया प्रतिवर्ष पर। चुनाव से पहले एक बच्चा और जीत के बाद जुड़वां होने पर अयोग्य नहीं होगा। परिवहन मंत्रालय का रीजनल ऑफिस बनाने को 0.026 हेक्टेयर जमीन पुलिया नंबर छह पर निशुल्क दी जाएगी।

## घने कोहरे के कारण ट्रक से टकराई कार, दो की मौत

रुद्रपुर। एनएच 74 सितारजंग रोड पर बीती रात एक फॉर्च्यूनर कार कोहरे के कारण आगे जा रहे ट्रक में घुस गई। जिसके चलते पीलीभीत जहानाबाद की नगर पंचायत अध्यक्ष ममता गुप्ता के पुत्र शिव गुप्ता समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक मामूली रूप से चोटिल हुआ है।

सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकार सितारगंज कोतवाल किच्छा एवं कोलकाता पुलिस चौकी इंचार्ज दिनेश चंद्र भट्ट पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए को पोस्टमार्टम के लिए रुद्रपुर भेजा गया है। मंगलवार रात्रि शिवा गुप्ता (24) पुत्र दुर्गा चरण गुप्ता निवासी मुख्य बाजार कटरा जहांनाबाद पीलीभीत, आसिफ (32) पुत्र जमील अहमद निवासी बायपास रोड नवाबगंज बरेली और एक अन्य व्यक्ति फ़ॉरचुनार पर सवार होकर किच्छा की ओर से सितारजंग की तरफ जा रहे थे। पिपलिया मोड़ के निकट उनकी कार चल रहे ट्रक में घुस गयी। इस घटना में कार की छत उड़ गई।

घटना के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकार ओम प्रकाश शर्मा कोतवाल सुंदरम शर्मा और कोलकाता पुलिस चौकी इंचार्ज दिनेश भट्ट पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। घटना में शिवा और आसिफ गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि तीसरा मामूली रूप से चोटिल हो गया। पुलिस ने शिवा और आसिफ को 108 एम्बुलेस के माध्यम से सीएचसी पहुचाया। यहां चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही दोनों के परिजन मौके पर पहुंच गए।पुलिस ने शवो को पोस्टमार्टम के लिए रुद्रपुर भेज दिया।

## एक नजर

### बुधवार में 6 ट्रेन की गई रद्द, बाकी भी हुई काफी लेट

रुड़की। लक्सर से गुजरने वाली ट्रेनों का शेड्यूल कोहरे से बुधवार को भी गड़बड़ाया रहा। इसके चलते बनमंखी से अमृतसर के बीच चलने वाली 14617 अप तथा 14618 डाउन जनसेवा एक्सप्रेस दोनों तरफ से रद्द हो गई। वलसाड से हर मंगलवार शाम 3 बजे हरिद्वार के लिए चलने वाली 12911 हरिद्वार सुपरफास्ट एक्सप्रेस, योगनगरी ऋषिकेश से लक्ष्मीबाई नगर 14310 उज्जैनी एक्सप्रेस व प्रयागराज से योगनगरी ऋषिकेश 14229 योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस ट्रेन भी निरस्त हुई। इनके अलावा दूसरी ट्रेनें भी पिछले दिनों से ज्यादा लेट हुई। अमृतसर से कानपुर 22446 कानपुर सेंट्रल वीकली सुपरफास्ट एक्सप्रेस 14 घंटे, सूबेदारगंज से देहरादून 14113 जनसेवा एक्सप्रेस 8 घंटे, जयनगर से अमृतसर 14649 सरयू यमुना एक्सप्रेस 6.30 घंटे, गुवाहाटी से जम्मूतवी 15651 लोहित एक्सप्रेस 5 घंटे और हावड़ा से योग नगरी ऋषिकेश 13009 दून एक्सप्रेस 4 घंटे देरी से चली।

### राम नगरी में उमड़ा आस्था का सैलाबः सुबह तीन बजे ही लाइनों में लगे श्रद्धालु

अयोध्या ,अयोध्या के राम मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। पहले दिन करीब पांच लाख श्रद्धालुओं ने श्रीरामलला के भव्य दर्शन किए हैं। वहीं, बुधवार को दूसरे दिन भी मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई है। मंदिर खुलने का समय सुबह सात बजे है, लेकिन रामजन्मभूमि पथ पर तड़के तीन बजे से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे।रामभक्तों की अप्रत्याशित भीड़ ने शासन को भी चिंता में डाल दिया तो भीड़ नियंत्रण प्रबंधों की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी अयोध्या पहुंचना पड़ा। उन्होंने हवाई सर्वे कर व्यवस्थाएं देखीं और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। आज (बुधवार) सुबह से ही दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ पहुंचना शुरू हो गई।

# पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्रियों को फिलहाल राम मंदिर जाने से परहेज करने की सलाह दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की अहम बैठक हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर और हाल ही में हुई रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर चर्चा की। कैबिनेट बैठक में पीएम मोदी ने अपने सभी कैबिनेट सहयोगियों को फिलहाल अयोध्या राम मंदिर जाने से परहेज करने की सलाह दी। सूत्रों के मुताबिक, पीएम ने सुझाव दिया कि भारी भीड़ के कारण और प्रोटोकॉल वाले वीआईपी की वजह से जनता परेशान होगी। इस असुविधा को रोकने के लिए केंद्रीय मंत्रियों को मार्च में अयोध्या की अपनी यात्रा की योजना बनानी चाहिए,सूत्रों की मानें तो कैबिनेट की बैठक में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक धन्यवाद प्रस्ताव भी लाया गया। इस दौरान पीएम मोदी भावुक दिखाई दिए। उनके साथ-साथ कैबिनेट के सभी साथी भी भावुक नजर आए। इससे पहले



राम मंदिर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार को भी रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बताया गया कि दोपहर तक लगभग तीन लाख लोगों ने भगवान के दर्शन किए। अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में सोमवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। इसके अगले दिन मंगलवार को राम मंदिर के कपाट आम जनता के लिए खोल दिए गए थे। इस दौरान छह लाख से ज्यादा भक्तों ने भगवान के दर्शन किए थे।भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं की देखरेख कर रहे विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि कल और आज की व्यवस्था में सिर्फ इतना ही बदलाव है कि हमने दर्शन के लिए आने वाले भक्तों के लिए नई कतार प्रणाली लागू की है।

## ममता बैनर्जी की टीएमसी अकेले लड़ेगी लोकसभा चुनाव, कांग्रेस से इस बात से नाराजगी

नई दिल्ली ,पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा कांग्रेस से अलग होकर राज्य में अकेले सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव लडने् का फैसला किया गया है। ममता ने साफ कर दिया है कि कांग्रेस के साथ उनकी पार्टी का कोई संबंध नहीं है। ममता बनर्जी ने बुधवार को ऐलान किया कि तृणमूल कांग्रेस बंगाल की 42 लोकसभा सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। चुनाव के रिजल्ट आने के बाद ही कांग्रेस के साथ गठबंधन पर विचार करेंगी।

ममता बनर्जी ने कहा कि उपेक्षा का दर्द और तल्खी भी झलकी। उन्होंने कहा कि मैंने जो भी सुझाव दिए, वह सभी नकार दिए गए। इन सबके बाद हमने बंगाल में अकेले जाने का फैसला किया। उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बिना यह भी कहा कि वह पश्चिम बंगाल में यात्रा करने जा रहे हैं, इसकी जानकारी शिष्टाचार के नाते भी उनको नहीं दी गई।

# राहुल गांधी ने असम सीएम को दी चुनौती, कहा– जितने चाहे केस फाइल करो,डरेंगे नहीं

गुवाहाटी ,गुवाहाटी पुलिस द्वारा कथित तौर पर भीड़ को उकसाने के लिए राहुल गांधी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद, बुधवार को राहुल गांधी ने भाजपा के नेतृत्व वाली असम सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि वे उनके खिलाफ जितना संभव हो उतने केस दर्ज करें, लेकिन वो डरेंगे नहीं।

कांग्रेस नेता ने बारपेटा जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सातवें दिन अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर जम कर हमला बोला।

उन्होंने सरमा को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री कहा और भ्रष्टाचार के कई आरोप लगाए। मुझे नहीं पता कि हिमंता बिस्वा सरमा को यह धारणा कहां से मिली कि वह पुलिस शिकायतें दर्ज कर मुझे डरा सकते



हैं। जितने केस आप कर सकते हैं, दायर करें। मैं भयभीत नहीं हूं। 25 केस और दर्ज करो। मैं भाजपा-आरएसएस से डरता नहीं हूं।' गुवाहाटी पुलिस ने मंगलवार को राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज की।

राहुल गांधी ने कहा, भाजपा-आरएसएस का लक्ष्य असमिया इतिहास, संस्कृति और भाषा को मिटाना है। हम उन्हें नागपुर से असम पर शासन करने की अनुमति नहीं देंगे। असम को असम से ही चलाया जाएगा।

कांग्रेस नेता के अनुसार, असम में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार है और हिमंता बिस्वा सरमा देश के सबसे भ्रष्ट सीएम हैं।

राहुल गांधी ने दावा किया, वह (सरमा) आपसे बात करते समय आपकी जमीन ले लेते हैं। जब आप सुपारी खाते हैं तो वह सुपारी कारोबार पर कब्ज़ा कर लेते हैं। उन्होंने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में भी जमीन ली है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उनके दिल में काफी नफरत है।

# राजभवन में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित हुए कार्यक्रम में राज्यपाल ने किया मुख्य अतिथि प्रतिभाग

देहरादून। उत्तराखण्ड बाल संरक्षण आयोग द्वारा राजभवन में ह्यराष्ट्रीय बालिका दिवसह्ण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने बहादुर बेटियों कु. आराधना एवं कु. नाजिया को उनकी बहादुरी के लिए सम्मानित किया। पौड़ी गढ़वाल के विकासखंड खिर्सु की 10 वर्षीय बालिका, आराधना द्वारा 2023 में बहादुरी का परिचय देते हुए गुलदार से अपने 07 वर्षीय भाई की जान बचाई थी। 2023 में ही देहरादून के विकासखंड सहसपुर की 10 वर्षीय बालिका नाजिया ने गुलदार के हमले से अपने 03 भाईयों की जान बचाई थी। राज्यपाल ने दोनों बच्चियों को प्रशस्ती पत्र दिया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके साथ ही राज्यपाल ने बाल संरक्षण आयोग द्वारा बनाए गए बाल विधायकों कु. भूमिका रौथाण, कु. दीक्षा खर्कवाल, कु. अगमसिफत कौर, कु. काजल कश्यप, कु. सुमेधा उपाध्याय को उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया। बाल कल्याण हेतु किए जा रहे प्रयासों के लिए भी उन्होंने श्रीमती गीतिका शर्मा, प्रज्ञा भारद्वाज, राजेन्द्र प्रसाद, गुरप्रीत सिंह एवं श्रीमती मंजू शर्मा को भी सम्मानित किया।



ह्यराष्ट्रीय बालिका दिवसह्ण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में जिस तेजी से स्थिति बदल रही है, उसमें कहा जा सकता है कि आने वाले समय में बदलाव की क्रांति का नेतृत्व हमारी महिलाओं एवं बेटियों द्वारा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज निरंतर हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिकाएं निभा रही हैं। फाइटर प्लेन हो या स्पेस हो या फिर देश की सीमाओं की रक्षा हो, हमारी बेटियां किसी से कम नहीं हैं। प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं छोटे-छोटे उद्योग चलाकर समाज में बड़ा बदलाव ला रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि जिस प्रकार हमारी बेटियों की क्षमता है वे आसमान को छूने में ही सक्षम नहीं हैं, बल्कि वे ब्रह्मांड तक पहुंचने का जज्बा रखती हैं।

उन्होंने कहा कि जब भी प्रदेश में किसी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में डिग्री या अवॉर्ड दिए जाते हैं तो लड़कों की तुलना में बेटियों की संख्या अधिक होती है जो एक सुखद बदलाव है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस हमारी प्रतिबद्वता को दोहराने और बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए चल रहे प्रयासों को और मजबूत करने का एक अवसर है। यह बेटियों की उपलब्धियों का जश्न मनाने का दिन है। राज्यपाल ने कहा कि आज के दिन का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देना और बालिका शिक्षा, उनके स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। राज्यपाल ने कहा कि हम सभी बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करें और उन्हें अपनी अदभूत प्रतिभा निखारने के अवसर मुहैया करवाएं। उन्होंने कहा कि बेटियां हमेशा अपनी सोच और अपना लक्ष्य ऊंचा रखें और अपने आत्ममूल्य को पहचानें। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि बेटियों को स्कूल ड्रॉप आउट को कम करने और उन्हें मानव तस्करी जैसे अपराधों से बचाना हम सभी के लिए चुनौती के रूप में है। इस अवसर पर आयोग द्वारा तैयार कराई गई फिल्म ह्यछूने चली है आसमानह्ण को प्रदर्शित किया गया जिसे सभी लोगों ने सराहा। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने अपने संबोधन में बाल अधिकार संरक्षण आयोग के क्रियाकलापों और गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आयोग द्वारा नशा प्रवृत्ति, बाल अधिकारों, बाल विवाह, अवैधानिक रूप से संचालित कोचिंग इंस्ट्यूटिस, शासन स्तर पर किड्स स्कूलों हेतु नियमावली तैयार किये जाने पर आयोग स्तर से की गई कार्यवाही से अवगत कराया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया

देहरादून। धरातल संस्था ने गणतंत्र दिवस पर वाणी विहार में गोष्ठी आयोजित की। जिसमें जनकवि डॉ. अतुल शर्मा स्वतंत्रता सेनानियों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए मानवेंद्र नाथ राय, कवि श्रीराम शर्मा प्रेम और क्रांतिकारी विरेन्द्र नाथ पांडेय को याद किया। समाजसेवी रविन्द्र जुगरान की अध्यक्षता मे हुई गोष्ठी मे उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में इन तीनों सेनानियों ने अपना तन मन धन लगा दिया। वह स्वतंत्रता संग्राम के कीर्ति स्तंभ रहे। उनका बलिदान भुलाया नही जा सकता। कवयित्री रंजना शर्मा ने स्वतंत्रता सेनानी श्रीराम शर्मा प्रेम के विषय मे बताया कि उन्होंने 26 जनवरी 1942 के आन्दोलन में सैंट्रल सेक्रेटिएट पर तिरंगा फहराया। उन्हे दो वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई गयी। उन्होंने जेलों मे राष्ट्रीय चेतना के गीत लिखे। मानवतावादी मानवेन्द्र नाथ राय के विषय में देवेन्द्र कांडपाल ने बताया कि उन्होंने रेडिकल ह्यूमनिस्ट की स्थापना की। अतुल शर्मा ने क्रांतिकारी विरेन्द्र नाथ पांडेय के विषय में बताया कि वे क्रांतिकारी गतिविधियों में काफी सक्रिय रहे। उन्हे अंडमान में बारह वर्ष का कठोर कारावास भुगतना पड़ा। वह दून के लक्ष्मी रोड में रहते थे। संचालन रेखा शर्मा ने किया। रंग कर्मी सोनिया गैरों ने भी विचार रखे।

### केंद्रीय पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आरडी सेमवाल अध्यक्ष बने

देहरादून। दून केंद्रीय पेंशनर्स एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर आरडी सेमवाल ने 341 वोटों के भारी अंतर से जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंदी आनंद सिंह रावत को मात्र 16 वोट मिले हैं। एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष को छोड़कर बाकी सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव हुए। अध्यक्ष पद पर आरडी सेमवाल और आनंद सिंह रावत चुनाव मैदान में उतरे। चुनाव के लिए बुधवार सुबह दस बजे से वोटिंग शुरू हुई। इसमें कुल 2060 वोटरों में से 373 मतदाताओं ने अपने वोट का प्रयोग किया। वोटिंग शाम तीन बजे तक हुई। दोपहर तक वोट डालने के लिए लाइन लगी रही। मतगणना के बाद शाम पांच बजे परिणाम घोषित किए गए। परिणाम मुख्य चुनाव अधिकारी तिलक राज शर्मा ने घोषित किए। चुनाव में आरडी सेमवाल को 357 वोट मिले। जबकि उनके प्रतिद्वंदी आनंद सिंह रावत को मात्र 16 वोट मिले हैं। इस मौके पर सतीश शर्मा, अनिल उनियाल समेत बड़ी संख्या में केंद्रीय पेंशनर्स मौजूद रहे।

# आशा कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय शिशु देखभाल प्रशिक्षण शुरु

विकासनगर। स्वास्थ्य उपकेंद्र क्वानू में आशा कार्यकर्ताओं का नवजात शिशुओं की घर पर देखभाल को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है, जिसमें नवजात शिशु की गृह आधारित देखभाल के लिए, वरिष्ठ प्रशिक्षक और ब्लॉक समन्वयक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन चकराता महावीर सिंह राणा ने आशाओं से बिंदुवार चर्चा की। प्रशिक्षण के प्रथम दिन प्रशिक्षक महावीर राणा ने बताया कि गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण कर गर्भावस्था की जांचों के लिए जागरूक करना। गर्भावस्था के दौरान जांचों के बारे में विस्तार से बताया गया। राणा ने संस्थागत प्रसव के लिए जागरूक करने के लिए विस्तार से प्रशिक्षित किया गया। जिससे जच्चा बच्चा की जान को बचाया जा सके। राणा ने सरकार की ओर से चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी। प्रसव बाद मां एवं बच्चों की देखभाल के लिए विस्तार पूर्वक बिंदुवार जानकारी दी गई। जिसमें बच्चों का वजन बच्चों का तापमान, छह माह तक स्तनपान के लिए जागरूक करना, मां को पौष्टिक आहार खाने के लिए प्रेरित करना, बच्चा अगर अस्वस्थ हो तो गृह देखभाल के दौरान उनको डॉक्टर को दिखाने की सलाह दी गयी। बच्चों का समय अनुसार टीकाकरण करवाना अनिवार्य है। ताकि भविष्य में होने वाली बीमारियों से बच्चों को बचाये जाने के लिए समुदाय को जागरूक करवाना, प्रत्येक बच्चे का समय अनुसार टीकाकरण करवाने इत्यादि पर विशेष चर्चा की गई। टीकाकरण में दी जाने वाली वैक्सीन किन-किन बीमारियों के लिए दी जाती है। उसका भी विस्तार पूर्वक सभी आशाओं को ज्ञान दिया गया। सरकार द्वारा चलाई जारी स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी आशाओं को प्रचार प्रसार करने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए बताया गया। समुदाय के सभी लोग स्वस्थ रह सके। प्रशिक्षण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उपकेंद्र क्वानू की एएनएम सनो रानी, कम्यूनिटी हेल्थ आफिसर ज्योति, आशा फैसिलिटेटर उर्मिला तथा क्वानू क्षेत्र के सभी गांव की आशाएं मौजूद रही।

## स्वच्छता कर्मियों ने तहसील मुख्यालय में भरी हुंकार

विकासनगर। उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ में लंबित मांगों पर कार्यवाही नहीं होने से आक्रोश है। बुधवार को कर्मचारियों ने तहसील मुख्यालय में प्रदर्शन कर जल्द मांगे पूरी करने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सफाई कर्मियों की जायज मांगों पर कार्यवाही के बजाय सिर्फ सिर्फ कोरा आश्वासन मिल रहा है। स्वच्छकार कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पारछा ने कहा कि वर्ष 2015 से जिन पर्यावरण मित्रों की तैनाती की गई थी, उनके नियमितीकरण का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक नियमितीकरण नहीं किया गया है। डॉ. ललित मोहन रयाल समिति ने सरकार को सफाई कर्मियों के लिए ठेकेदारी, समिति और संविदा जैसी व्यवस्थाएं समाप्त करने की सिफारिश की थी, प्रदेश सरकार इन सिफारिशों को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया है, जिससे सफाई कर्मी खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। आरोप लगाया कि सरकार के गैर जिम्मेदाराना रवैए के कारण देहरादून, रुड़की, हरिद्वार नगर निगमों में तीन सफाई कर्मी बेवक्त काल का ग्रास बने। उनके आश्रितों को सरकार की ओर से कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली है और न ही उनके आश्रितों को रोजगार दिया गया है।

## उत्तरांचत महिला एसोसिएशन (उमा) ने राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया

देहरादून। उत्तरांचत महिला एसोसिएशन (उमा) ने बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज की बालिकाओं के बीच राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया। इस दौरान स्कूल की छात्राओं ने कई कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम की शुरुआत राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, स्कूल की प्रधानाचार्या प्रेमलता बोड़ाई, उमा अध्यक्ष साधना शर्मा और सचिव नीलिमा गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि अब केन्द्र व उत्तराखंड सरकार बालिकाओं की शिक्षा व सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें रही है। इसका बेटियों को पूरा लाभ उठाना चाहिए। कहा कि शिक्षा ही बेटियों के लिए सफलता की सीढ़ियां हैं। स्कूल प्रधानाचार्य प्रेमलता बौड़ाई ने कहा आज दुनिया बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है लेकिन हमें इस बात का भी पूरा ध्यान रखना होगा कि आगे बढ़ने में कहीं हमारे संस्कार व संस्कृति पीछे न छूट जाए। उमा अध्यक्ष साधना शर्मा ने कहा उमा समय समय पर बालिकाओं व बेटियों से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। जिससे हमारी बालिकाओं का मनोबल बढ़े, आज हमारी बेटियां जल, थल, आकाश व अंतरिक्ष में सभी जगह अपना परचम लहराया रही हैं।

# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की



देहरादून। माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा अतिक्रमण पर प्रभावी कार्यवाई के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका के निर्देशन में अतिक्रमणमुक्त अभियान के अन्तर्गत टीमों द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है।

आज आईएसबीटी, से क्लेमेन्टाउन, धर्मपुर माता मन्दिर रोड, हरिद्वार रोड रिस्पना आदि स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अतिक्रमण मुक्त अभियान के दौरान अवैध होर्डिंग्स भी हटाये गए।

नगर निगम ने 58 चालान करते हुए रुपए 64100 के अर्थदंड की कार्रवाई की गई, पुलिस द्वारा लगभग 33 चालान करते हुए, रुपए 18200 के अर्थदंड की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार आरटीओ द्वारा लगभग 09 चालान करते हुए रुपए 4500 के अर्थदंड की कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है, कि अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित अभियान चलाते हुए, फुटपाथ, सड़कों को अतिक्रमणमुक्त करें तथा किसी भी दशा में उन्हें पुनः अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण व किसी भी प्रकार की अवाछनीय गतिविधिया संचालित न होने दे।

## युवा कांग्रेस ने शुरू किया रोजगार दो-न्याय दो अभियान

**पौड़ी** : राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के तहत युवा कांग्रेस ने जिला व ब्लाक स्तर पर रोजगार दो-न्याय दो अभियान शुरू कर दिया है। जिसमें कांग्रेस डोर टू डोर जाकर अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को इस अभियान में जोड़ेगी। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में देश के करोड़ो युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। भाजपा कार्यकाल में युवाओं को बेरोजगार बनाया जा रहा है। युवा जब भी रोजगार की मांग करते हैं तो उन्हें अन्य मुद्दों पर भ्रमित किया जा रहा है।

बुधवार को युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित सिंह ने रोजगार दो-न्याय दो का पोस्टर लांच करते हुए कहा कि युवा कांग्रेस घर-घर जाकर बेरोजगार युवाओं को अभियान में शामिल करेंगी। कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर राष्ट्रीय स्तर पर एक मोबाइल नंबर दिया गया है। जिसमें बेरोजगारों को मिस्ड कॉल करना है। इससे पार्टी के पास देश में बेरोजगारों का आंकड़ा भी एकत्रित हो जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को अभियान में शामिल होने की अपील की है। इस मौके पर संजना गुजराल, भरत सिंह रावत, अंकित सुंदरियाल, अय्याज खान, आकाश रावत, गोपाल नेगी, ऋषभ कुमार, मनमोहन डेनियल, आशीष नेगी आदि शामिल रहे।

## दिव्यांग महिला को उज्वला गैस कनेक्शन

**पौड़ी** : नगर पंचायत में एक दिव्यांग महिला उज्वला गैस कनेक्शन योजना से लाभान्वित हुई। सामाजिक कार्यकर्ता व पीएलवी सतपुली पुष्पेंद्र राणा ने बताया कि 55 साल की दिव्यांग सुलोचना देवी उज्वला गैस कनेक्शन की आशा लेकर उनके पास आई। दिव्यांग महिला के सारे दस्तावेजो के पूरे होने पर उन्हें योजना का लाभ दिया गया। उन्होंने स्थानीय गैस एजेंसी के माध्यम से हाथों-हाथ सुलोचना देवी को उज्वला कनेक्शन, टंकी, गैस चूल्हा, रेग्युलेटर, पाइप दिलवाया। बोलने व सुनने में असमर्थ शुलोचना ने इशारों में उनका आभार जताया।

## जन संवाद कार्यक्रम में दी स्वास्थ्य सेवाओं की दी जानकारी

**पौड़ी** : चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा प्रायोजित तथा आस्था सेवा संस्थान पौड़ी की ओर से आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, एएनएम, कम्युनिटी हेल्थ आफिसर व स्वच्छता समिति के पदाधिकारियों के साथ ही समुदाय स्तर के प्रबुद्धजनों का जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में संस्थान व विभाग की ओर से प्रतिभागियों से लाभार्थियों तक पहुंचने वाली योजनाओं का फीड बैक भी लिया गया। इस दौरान उन्होंने ग्राम स्वच्छता एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से होने वाले कार्य, स्वास्थ्य उपकेंद्रों में टीकाकरण एवं अन्य सुविधाएं, लाभार्थियों को मिलने वाली चिकित्सीय सुविधाओं के अलावा विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इसके अलावा भी कार्यक्रम में कई बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक विवेक घिल्डियाल, आस्था सेवा संस्थान से राकेश चंद्रा, आशा कार्यक्रम के जिला समन्वयक दिनेश शाह, दीपक खन्सूली, रजनी जैन, सौरभ, भूपेंद्र सिंह, किरन चंदोला, निर्मला राणा, मेघा नेगी, हर्ष नेगी आदि शामिल रहे।

## देव वाणी संस्कृत का अध्यापन गंभीरता पूर्वक कराएं : निदेशक

**श्रीनगर गढ़वाल** : सहायक निदेशक शिक्षा डा. चंडी प्रसाद घिल्डियाल ने बुधवार को लछमोली बागवान में शाश्वत शिक्षा निकेतन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को देव वाणी संस्कृत का अध्यापन गंभीरता पूर्वक कराने के निर्देश दिए। इस मौके डॉ घिल्डियाल ने विद्यालय की स्वच्छता, मध्याहन भोजन व्यवस्था, शिक्षकों कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति एवं पठन-पाठन का बारीकी से निरीक्षण किया। सहायक निदेशक डा. चंडी प्रसाद घिल्डयाल ने बताया कि विद्यालय में सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद पाई गई हैं।

# डा. रश्मि पैन्यूली को मिला सर्वोदय सेवक मान सिंह रावत सम्मान

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : गांधीवादी सर्वोदय सेवक मान सिंह रावत की 96वीं जयंती पर शशिप्रभा सर्वोदय सेवा ट्रस्ट की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सामाजिक कार्यों के लिए डा. रश्मि पैन्यूली को सर्वोदय सेवक मान सिंह रावत स्मृति सम्मान दिया गया।

हल्दूखाता स्थित राजेश्वरी करुणा बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदस्यों ने स्व. मान सिंह रावत के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि हंस फाउंडेशन के प्रदेश प्रभारी पद्मेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि स्व. मान सिंह रावत ने सदैव सामाजिक हितों को लेकर कार्य किया। समाज हित में दिए गए उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में गांधी विचारों के प्रवाह के लिए देहरादून निवासी डा. रश्मि पैन्यूली को सम्मानित



कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम में डा.रश्मि को सम्मानित करते अतिथि

किया गया। सर्वोदय सेविका शशिप्रभा रावत ने युवाओं को सामाजिक बुराई से दूर रहकर महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने की सीख दी। इस मौके पर जिला सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष यशवीर आर्य, सुंदर लाल आर्य, नंदकिशोर ढौंडियाल, डा. विजय शंकर शुक्ला, डा. योगेश धस्माना, हरवीर सिंह कुशवाह, डा. बीसी शाह, डा. गीता रावत शाह, चक्रधर शर्मा, पीएल खंतवाल, मयंक कोठारी, प्रवेश नवानी आदि मौजूद रहे।

## आईएचएमएस के विद्यार्थियों से वर्चुअल संवाद करेंगे पीएम

**कोटद्वार** : राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) में शिक्षा ले रहे प्रथम वर्ष के युवा मतदाताओं से वर्चुअल संवाद करेंगे।कार्यक्रम के जिला संयोजक संजय भंडारी ने बताया कि देश की सभी विधानसभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी 25 जनवरी को सुबह 11 बजे से युवा मतदाताओं से संवाद करेंगे। बताया कि कोटद्वार विधानसभा में नव मतदाता सम्मेलन के लिए बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित आईएचएमएस संस्थान को चुना गया है। यहां पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी की मैजूदगी में प्रधानमंत्री मोदी संस्थान के छात्रों से वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे और युवा मतदाताओं से वार्ता भी करेंगे। संस्थान के एमडी बीएस नेगी ने बताया कि प्रधानमंत्री संस्थान के छात्रों से संवाद करेंगे, यह संस्थान के लिए गर्व की बात है। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई हैं।

## निर्धारित समय से पहले परीक्षा करवाने पर रोष

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में निर्धारित समय से पहले परीक्षाएं करवाए जाने पर छात्र संघ ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि श्री देव सुमन विश्वविद्यालय केवल छात्रों का शोषण कर रहा है। छात्रसंघ अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल के नेतृत्व में वंदे मातरम छात्र संगठन ने एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। कहा कि वर्तमान में श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय प्रशासन प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा समय से पहले करवा रहा है। परीक्षा समय से पहले करवाया जाना यूजीसी की गाइड लाइन का घोर उल्लंघन है। कई छात्रों ने तो प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म तक नहीं भरे है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाया। कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र हितों से खिलवाड़ कर रहा है। ज्ञापन में राज्यपाल से प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा की तिथि बढ़ाए जाने की मांग की है। मांग न माने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन देने वालों में आशा नेगी, महिमा, सुधा, रक्षा, मनीषा लक्ष्मण, काजल, पल्लवी आदि मौजूद रहे।

# गेप्स ने अव्वल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमाजलि समागम समिति का 44वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान समिति ने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में पढ़ने वाले अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया। समिति ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए शिक्षिका रेणुका गुसाईं को शारदा सम्मान भी दिया।

इंटर कॉलेज मोटाढाक में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हिमनंदन व हिम सुता प्रतिभा परीक्षा 2023-24 उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। गेप्स के संरक्षक डॉ. चंद्रमोहन बड़थ्वाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रेणुका गुसाईं, विशिष्ट अतिथि एमएस बिष्ट, महामंत्री रमाकांत कुकरेती एवं गेप्स संस्थापक राम भरोसा कंडवाल द्वारा संयुक्त रूप से मां शारदा के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने समिति की ओर से किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। तत्पश्चात समिति की ओर से आयोजित



शिक्षिका रेणुका गुसाईं को सम्मानित करते सदस्य

हिमनंदन एवं हिम सुता प्रतिभा परीक्षा वर्ष 2023-24 उत्तीर्ण करने पर छात्र गौरव भारद्वाज, कुमारी नंदा वर्मा, कुमारी राखी, मोहित सिंह गुसाईं, कुमारी वैशाली एवं दिव्यांश को पुरस्कृत किया गया। साथ ही रेणुका गुसाईं को मां शारदा सम्मान, इंजीनियर जगत सिंह नेगी को प्रेरणा सम्मान एवं रेखा ध्यानी व मीनाक्षी खंतवाल को मणिकर्णिका सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत मोहन काला, एमएस बिष्ट, अनुराग कंडवाल, रेखा ध्यानी, मीनाक्षी बड़थ्वाल, जगत सिंह नेगी, दिनेश चौधरी, मनमोहन काला और नंदन सिंह नेगी सहित अन्य शिक्षाविद मौजूद रहे।

# बेटियों को बताए उनके अधिकार

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : राष्ट्रीय बालिका दिवस पर पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई।

कार्यशाला का संचालन करते हुए विद्यालय के संस्कृताचार्य प्रकाश चन्द्र कैंथोला ने बताया कि बेटियों को शिक्षित करके उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने, उनकी उपलब्धियों को प्रचारित-प्रसारित करने तथा उन्हें समाज में सम्मानजनक दर्जा दिलाने के उद्देश्य से वर्ष 2008 से प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने कहा कि हमारी बेटियां ईश्वर द्वारा रचित सृष्टि की सबसे अनमोल रचना है। देश में बालकों की तुलना में बेटियों की कम होते लिंगानुपात में सुधार करने के लिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 1994 में पीसी-पीएनडीटी एक्ट अर्थात गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम-1994 लागू किया गया। जिसके सकारात्मक परिणाम आज बेटियों की बढ़ती संख्या के रुप में दिखाई दे रहे हैं। बेटियों को शिक्षित करके उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 22 जनवरी 2015 को पानीपत हरियाणा से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत



पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में विद्यार्थियों को जानकारी देते शिक्षक

की गयी।

छात्र-छात्राओं को लिंग संवेदीकरण (जेण्डर सेंसटाइजेशन) की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यदि समाज में हमारी बेटियों , बहिनों के साथ किसी भी प्रकार का अमानवीय व्यवहार व गलत नीयत से छेड़छाड़ होती है तो ऐसे लोगों का प्रतिरोध किया जाना चाहिए तथा उनके विरुद्ध प्राधिकृत अधिकारियों से शिकायत करनी चाहिए, ताकि ऐसे अपराधियों को पोक्सो एक्ट-2012 के तहत कड़ी सजा दिलवाकर बेटियों के लिए भयमुक्त वातावरण बनाया जा सके। छात्रा कनिष्का ने बेटी को अधिकार दो, बेटे जैसा प्यार दो व यशिका ने आज की बेटी कल की नारी, नारी ही है जननी हमारी जैसी मार्मिक कविताएं सुनाकर समाज में बेटियों के महत्व को उजागर किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ ही विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्राओं को पेन भेंट करके सम्मानित करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देकर राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई दी। कार्यशाला में विद्यालय के शिक्षक नीरज रमोला, प्रमोद रावत के साथ ही एनएसएस के स्वयंसेवी व अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बालिका दिवस पर पर किया टॉक शो का आयोजन

**पौड़ी** : बालिका दिवस के अवसर पर बुधवार को जिले के सभी ब्लाकों में वर्तमान समय में बालिकाओं की भागीदारी थीम पर रैली, गोष्ठियों व टॉक शो का आयोजन किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अधिकारी डॉक्टर पारुल गोयल ने छात्राओं को वर्तमान समय में लड़कियों की भागीदारी पर बोलते हुए शिक्षा व समाज में फैल रही कन्या भ्रूण हत्या पर जानकारी दी।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा एएनएम ट्रेनिंग सेंटर खिर्सू में टॉक शो का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं व ट्विटर इंचार्ज द्वारा प्रतिभाग किया गया। टॉक शो में एएनम ट्रेनिंग सेंटर की बालिकाओं द्वारा कविता, भाषण प्ले व ड्राइंग कंपटीशन के माध्यम से उक्त विषय में अपने-अपने विचार रखे गए। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्रों को अलग-अलग प्रतियोगिताओं में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में ट्विटर इंचार्ज सोनी पतवाल, रेखा नेगी, शिप्रा गुसाईं, ममता बमरला, जिला समन्वयक आशीष रावत आदि शामिल रहे।

## प्रतियोगिता 29 व 30 को

**पौड़ी** : राजकीय इंटर कॉलेज पौड़ी में आगामी 29 व 30 जनवरी को इन्सपायर अवार्ड प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के जिला समन्वयक देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि प्रतियोगिता में 15 ब्लाकों के 280 छात्र-छात्राओं द्वारा नवाचार पर अपने प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए जाएंगे।

# विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करें : तीरथ

## गढ़वाल सांसद ने ली जिला विकास समन्वय एवं विकास समिति की बैठक



गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : जिला विकास समन्वय एवं विकास समिति (दिशा) की बैठक सांसद गढ़वाल तीरथ सिंह रावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सांसद गढ़वाल ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि गुणवत्ता के साथ कार्य समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। गढ़वाल सांसद ने पोखड़ा विकासखंड में 108 एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंचने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। उन्होंने पीएमजीएसवाई, लोनिवि व राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि मार्गों का कार्य गुणवत्ता व जिन कार्यों का टेंडर नहीं हुआ है उन कार्यों का टेंडर तत्काल पूर्ण करें।

विकास भवन सभागार में गढ़वाल सांसद ने बैठक लेते हुए वहां उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों का मौके पर जाकर निरीक्षण करते हुए कार्यों की गुणवत्ता की जांच करना सुनिश्चित करें। बैठक में जल जीवन मिशन की शिकायत पर सांसद ने संबंधित अधिकारी को पंपिंग योजनाओं का कार्य बेहतर तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना के तहत लग रहे पाईपों की गुणवत्ता व उन्हें जमीन के अंदर गहराई में रखें, जिससे पाईप क्षतिग्रस्त न हो पाए। गढ़वाल सांसद ने पंचायतीराज विभाग को निर्देश दिये कि गांव-गांव में लग रहे कूड़ेदान का उपयोग करने हेतु ग्रामीणों को जागरूक करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को समस्त लाभार्थियों को पेंशन समय पर उपलब्ध कराने, लीड बैंक अधिकारी को काश्तकारों को समय पर ऋण वितरण करने के निर्देश दिये। वहीं उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पौड़ी-देवप्रयाग मार्ग का कार्य एक सप्ताह के भीतर शुरू करने को कहा। सांसद ने मैठाणाघाट-रसियाघाट नये मोटर का लोनिवि व परिवहन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश। कहा कि मार्ग का निरीक्षण सही पाये जाने पर वाहनों का आवागमन शुरू करें, जिससे आमजनमानस को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। जिलाधिकारी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि पोखड़ा क्षेत्र में मरीज के उपचार हेतु 108 एंबुलेंस समय पर नहीं पहुचंने के कारणों की जांच करते हुए संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका, अधीक्षण अभियंता पेयजल मो. मीशम, लोनिवि पीएस बृजवाल, पीडी डीआरडीए संजीव कुमार रॉय, जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर, ब्लाक प्रमुख द्वारीखाल महेंद्र राणा, कोट पूर्णिमा देवी, कल्जीखाल बीना राणा, जयहरीखाल दीपक भंडारी सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत कैफेटेरिया का उद्घाटन करते हुए।

## सांसद ने किया कैफेटेरिया का उद्घाटन

पौड़ी : गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने विकासखंड पौड़ी स्थित बेना कैफेटेरिया का उद्घाटन किया। उन्होंने कैफेटेरिया का संचालन कर रही स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को विभिन्न तरह के पहाड़ी व्यंजनों का प्रयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि पहाड़ी व्यंजन प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश-विदेशों की पसंद बन चुकी है।

# युवा संगम के लिए आज से शुरू होगी पंजीकरण प्रक्रिया

**श्रीनगर गढ़वाल** : एक भारत, श्रेष्ठ भारत (ईबीएसबी) के अंतर्गत केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के युवा संगम के चौथे चरण के लिए, गुरुवार से पंजीकरण शुरू होंगे। युवा संगम के चरण-4 के अंतर्गत प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को तमिलनाडु और पुडुचेरी की सांस्कृतिक अन्वेषण यात्रा करने का अवसर मिलेगा। इस बार युवा संगम के चरण-4 का नेतृत्व हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि करेगा। गढ़वाल विवि के एक भारत श्रेष्ठ भारत के नोडल अधिकारी प्रो. प्रशांत कंडारी ने बताया कि युवा संगम के चौथे चरण में ऑनलाइन पंजीकरण 25 जनवरी से शुरू होगा। पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 4 फरवरी तक नियत की गई है। उन्होंने बताया कि युवा संगम में उत्तराखंड राज्य के उच्च शिक्षा संस्थान का कोई भी छात्र आवेदन कर सकता है। कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत युवा संगम चरण, भारत सरकार की पहल है। जिसमें एक राज्य के उच्च शिक्षा के छात्रों को अन्य राज्यों का दौरा करने और विविध देश की विभिन्न संस्कृति को सीखने, जानने और समझने का अवसर मिलता है। कहा कि इस युवा संगम के तहत उत्तराखंड राज्य और तमिलनाडु, पुडुचेरी जोड़े गए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार उत्तराखंड का नेतृत्व गढ़वाल विवि करेगा। साथ ही युवा संगम में उत्तराखंड से उच्च शिक्षा संस्थानों के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के नामांकित छात्र युवा संगम के चौथे चरण के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। कहा कि इच्छुक छात्र-छात्राओं को वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। जिसके बाद शॉर्टलिस्ट कर चयनित छात्रों को युवा संगम में प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान होगा। उन्होंने बताया कि छात्र गढ़वाल विवि की वेबसाइट पर युवा संगम के लिए पंजीकरण भी कर सकते हैं। (एजेंसी)

# बेटियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शहीद लांस नायक धनवीर सिंह राणा राजकीय बालिका इंटर कालेज कण्वघाटी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षिकाओं ने छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

बुधवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने बेटी पर गीत व कविता सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. मंजू कपरवाण ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। कहा कि महाभारत में वर्णित शकुंतला की कहानी से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश महर्षि कण्व ने सारे विश्व को दिया, जिसमें उन्होंने मालन नदी के किनारे से शकुंतला को अपने आश्रम में




लाकर बचाया भी और पढ़ाया भी। इसलिए हम सभी को गर्व होना चाहिए कि हम उसी कण्व क्षेत्र की निवासी हैं जहां से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश सारे विश्व में गया। तत्पश्चात कविता और गीत में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में किरन जागरवाल, शिवेत्री सिंह, विनीता जोशी, सुमन लता और सावित्री रावत सहित समस्त विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

### भजन संध्या में लोक कलाकारों की प्रस्तुति ने मोह मन

# टीसीजी पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई भजन संध्या

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : टीसीजी पब्लिक स्कूल में आयोजित भजन संध्या में लोक कलाकारों ने प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी भी निकाली गई। आयोजित भजन संध्या का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत लोकगायक संजय रावत ने 'हे गुरु देव प्रणाम तुम्हारे चरणों में...', 'बाबा महाबगढ़ बल तेरी चौदिशो...', 'पार न लगोगे श्री राम के बिना..', 'जपल राम राम नाम..', 'ब्वाड़ा ब्या ब्या ब्या..', 'कन मार्डन



जमनू ऐगे..' गीतों की प्रस्तुति दी। राकेश राज ने 'मेरी झोपड़ी के भाग...', 'सारे जहां की रक्षा...', योगेंद्र ने 'बाबा कैलाश मा रंदीन...' सहित अन्य भजनों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उपरांत भगवान राधा-कृष्ण सहित अन्य मनमोहक झांकियां भी प्रस्तुत की गई। इस मौके पर टीसीजी के प्रबंधक लक्ष्मी घिल्डियाल, नीना घिल्डियाल, विनोद खंडूरी, शांति देवी, प्रीति गुसाईं, भूपेंद्र, ऋषि ध्यानी, रिया शर्मा, विशाल आदि मौजूद रहे।

# एकीकरण एवं राजकीयकरण की मांग पूरी न होने पर कर्मचारियों में आक्रोश

**श्रीनगर गढ़वाल** : उत्तराखंड पेयजल निगम और जल संस्थान के एकीकरण एवं राजकीयकरण की मांग पूरी न होने पर कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। बुधवार को जल निगम-जल संस्थान संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर दो सूत्रीय मांगों को लेकर श्रीनगर में जल संस्थान और पेयजल निगम के कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही प्रातः 10 से 12 बजे तक अधिकारी एवं कर्मचारियों ने दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया। इस संदर्भ में उन्होंने उपजिलाधिकारी नुपुर वर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। उत्तराखंड जल निगम परिसर में धरना देते हुए मोर्चा के गढ़वाल संयोजक एसएन जोशी ने कहा कि गत कई वर्षों से पेयजल निगम एवं जल संस्थान के एकीकरण एवं राजकीयकरण की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि एकीकरण व राजकीयकरण नहीं किए जाने से पेयजल जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर अनिश्चितता बनी रहेगी। उन्होंने शहरी विकास विभाग की ओर से पेयजल निगम एवं जल संस्थान के कार्यक्षेत्र में लगातार अतिक्रमण किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि शहरी विकास विभाग से सीवेज एवं पेयजल के कार्य भी संचालित कराए जा रहे हैं। संस्था के पास न्यूनतम तकनीकी अर्हता एवं अनुभव की कमी है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द से मांगों पर कार्यवाही नहीं होती है तो वह उग्र आंदोलन के साथ ही पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार करने को तैयार होंगे। इस मौके पर सहायक अभियंता जगदीश सिंह, धन सिंह रावत, सुशील पटवाल, राजन कुमार टम्टा, सुभाष चंद्र बमराड़ा, अखिलेश, दीपक नेगी, नितिन नेगी, कीर्ति सिंह असवाल, अखिलेश, दीपक नेगी, नितिन नेगी, कीर्ति सिंह असवाल सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# लिंगानुपात संतुलन के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस

जयन्त प्रतिनिधि।

**रूद्रप्रयाग :** 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' के अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में जनपद में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, विद्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित गोष्ठियों में लिंगानुपात संतुलन की दिशा में किए जा रहे सरकारी प्रयासों को सफल बनाने के लिए सामाजिक स्तर पर जागरूकता बढाने के लिए सामूहिक पहल पर जोर दिया गया। इस अवसर पर लिंगानुपात जागरूकता विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में वर्षा व सीनियर वर्ग में नितिशा अव्वल रही।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसाईं ने बताया कि 'बालिका दिवस' के आयोजन का मुख्य लक्ष्य लैंगिक असमानताओं को खत्म कर लिंग आधारित चुनौतियों के खात्में के लिए जागरूकता फैलाना, बालिका सशक्तिकरण व बालिकाओं को उनके अधिकार प्रदान करने में सहयोग प्रदान करना है। इसी कड़ी में 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन' के तहत पीसीपीएनडीटी कार्यक्रम के अंतर्गत लिंगानुपात संतुलन, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत लैंगिग भेदभाव रोकथाम एवं बालिका स्वास्थ्य तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत बाल स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता हेतु 42 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में तथा आरबीएसके की टीमों द्वारा प्रावि डुंगर, कोदिमा, जीआईसी स्वीली सेम व आंगनबाड़ी केंद्र बणसू में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। वहीं, राउप्रावि खड़पतिया में 'बालिका दिवस' के मौके पर हेल्थ डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काउंसलर आरकेएसके विपिन सेमवाल ने लिंगानुपात संतुलन के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक व आर्थिक कारकों के प्रति जनमानस को जागरूक करने, स्वस्थ्य समाज के लिए लैंगिक भेदभाव को दूर करने के लिए सामाजिक जागरूकता की वकालत की। प्रधानाध्यापक विक्रम सिंह चैहान ने लिंगानुपात के घटने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि स्थिति को भयावह होने से रोकने के लिए समय रहते लिंगानुपात संतुलन के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। जिला समन्वयक पीसीपीएनडीटी डॉ. मनवर सिंह रावत ने कहा कि घटते लिंगानुपात को कम करने उद्देश्य से गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम लागू किया गया है, जिसके अंतर्गत प्रसव पूर्व एवं गर्भस्थ शिशु के लिंग चयन प्रक्रिया को निषेध कर दिया गया है, भ्रूण के लिंग परीक्षण के लिए गर्भवती महिला को प्रेरित करना व दबाव डालना, लिंग जांच में सहयोगी बनना, लिंग जांच करना या करवाने को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के अंतर्गत दोषी पाए जाने पर पांच वर्ष की सजा अथवा एक लाख का जुर्माना या दोनों वहीं चिकित्सक के लिए 5 वर्ष की कैद, अर्थदंड व पंजीकरण रद्द करने का प्रावधान है।

इस अवसर पर 90 बच्चों की बीएमआई, एनिमिया जांच की गई। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में गिरता लिंगानुपात व उसका प्रभाव विषय पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में वर्षा, आरूषी, महक व सीनियर वर्ग में नितिशा, नीतू व भूमिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन' के सौजन्य से पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर शिक्षक चंडी प्रसाद दरमोड़ा, उमेश रावत, शकुंतला नेगी, सरला नेगी, गोपाल फरस्वाण, दीपक कठैत व शोसल वर्कर एनटीसीपी दिगपाल कंडारी मौजूद थे।



## चित्रकला प्रतियोगिता में अपेक्षा ने मारी बाजी

**उत्तरकाशी :** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय उत्तरकाशी में सुभाष चंद्र बोस के जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अपेक्षा नौटियाल प्रथम और हिमेश नौटियाल व सहर खान द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का शुभारंभ करती विद्यालय की प्राचार्या कविता बिजारनिया ने कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए हुए करीब 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने विकसित भारत, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, चंद्रयान, आदित्य और साथ ही परीक्षा के मूल मंत्र जैसे विषयों पर मोहक चित्रों का सृजन किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल को डॉ. मधु बहुगुणा, डॉ. गंगोत्री जीपीजी कॉलेज उत्तरकाशी व आयुष बधानी ने सुशोभित किया। जिन्होंने प्रतियोगिता के अंत में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सुवचनों के साथ प्रतियोगिता का समापन भी किया। (एजेंसी)

## धूमधाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**चमोली :** चमोली में गणतंत्र दिवस की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सरहद की अंतिम सेना चौकियों से लेकर सम्पूर्ण जिले में गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य आयोजन जिला मुख्यालय गोपेश्वर में आयोजित किया जायेगा। पुलिस मैदान में आयोजित मुख्य परेड समारोह में मुख्य अतिथि गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ध्वजारोहण करेंगे। जिला अधिकारी हिमांशु खुराना ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह की पूरी तैय्यारियां हो चुकी हैं। जिला मुख्यालय समेत जिले की सभी शिक्षण संस्थाओं, विकासखंड मुख्यालयों, तहसील मुख्यालय सभी पर गणतंत्र दिवस समारोह भव्यता और गरिमामय ढंग से मनाया जायेगा। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने बताया कि मुख्य समारोह पुलिस मैदान गोपेश्वर में आयोजित किया जाएगा। इस दिन विभिन्न विभागों की झांकियां निकलेंगी और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। (एजेंसी)

## स्वास्थ्य शिविर में 142 ग्रामीणों ने कराई जांच

**चमोली :** सेवा इंटरनेशनल की सेवा आरोग्यम परियोजना के तहत चमोली जिले के दुर्गम क्षेत्र हाफला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 142 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सेवा इंटरनेशनल के प्रदीप नेगी ने बताया कि शिविर में शिविर मे 35 रोगियों का नेत्र जांच, 42 रोगियों का दंत परीक्षण, 38 रोगियों का स्त्री रोग परीक्षण, 27 सामान्य रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ' साथ ही स्वास्थ्य शिविर में रक्त चाप जांच, मधुमेह जांच, बीएमआई परीक्षण, गर्भवती महिलाओं की जांच भी की गई। इस अवसर पर डा. दीपक, डा. दिव्या, डा. आशीष, डा. सिदार्थ डिमरी, डा. हनुमंत आदि ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया। कार्यक्रम में सेवा इंटरनेशनल के प्रबंधक तारक राम, प्रदीप नेगी, तरुण, विनोदनी देवी, तस्वीरा देवी, राजेश्वरी बर्त्वाल, राहुल रावत, आशीष सिंह, सपना, आदि ने सहयोग किया।

## विज्ञान और लोक मीडिया पर हुए कार्यक्रम

**चमोली :** विकासखंड के कोटी गांव में विज्ञान मीडिया और लोक मीडिया पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार एवं वैभव लक्ष्मी लोक समृद्धि संस्था, नैनीताल के तत्वावधान से महिलाओं की व्यवसायिक सुरक्षा और सतत् आजीविका के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाना इस विषय में विज्ञान मीडिया व लोक मीडिया आधारित अभियान की जानकारी दी गई। इस दौरान गोविन्द सिंह रावत, पूर्व प्रधान मान सिंह रावत, अभियान की परियोजना समन्वयक हेमा हयांकी, भरत सिंह रावत, विरेन्द्र सिंह नेगी, सुरेन्द्र कुमार एवं सचिन सिंह, जयवीर सिंह, अशोक रावत एवं लक्ष्मी प्रसाद आदि ने अपने विचार रखे।

# सुमन पार्क का पहाड़ी शैली में होगा सौन्दर्यीकरण

**नई टिहरी :** जिला मुख्यालय नई टिहरी शहर व शहर के सुमन पार्क के नये तरीके से सौन्दर्यीकरण को लेकर विधायक किशोर उपाध्याय ने डीएम की मौजूदगी में अधिकारियों की बैठक ली। विधायक ने सौंदर्यीकरण कार्य स्थानीय शैली के अनुरूप करने के निर्देश दिए। बैठक में जनपद टिहरी के जिला विकास प्राधिकरण के प्रस्तावित नई टिहरी में सुमन पार्क के सौंदर्यकरण और बाजार क्षेत्र के फसाड, म्यूरल, वाल पेंन्टिग, स्ट्रीट लाइट, फुटपाथ व शौचालय निर्माण कामों का प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया। कंसल्टेंट ने सभी कार्यों का मास्टर प्लान बताते हुए कहा कि श्रीदेव सुमन पार्क में ओपन जिम, श्रीदेव सुमन जी की भव्य प्रतिमा, फव्वारा व सेल्फी प्वांइट बनाकर पुर्नविकसित किया जाएगा। हनुमान चौक नई टिहरी से बाजार क्षेत्र में पांच सौ मीटर तक फसाड सम्बन्धी कार्य किये जायेंगे। उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण टिहरी प्रकाश चन्द्र दुम्का ने बताया कि फसाड के अतिरिक्त कावल स्टोन से फुटपॉथ का निर्माण, आर्कषक रैलिंग एवं स्ट्रीट लाईट की व्यवस्थायें भी की जायेगी। थ्रीडी म्यूरलस से स्थानीय संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए बाजार को अति आर्कषक बनाया जायेगा। इसके अतिरिक्त रिटनिंग वालों पर स्थानीय सांस्कृतिक के अनुरूप वॉल पेंटिंग भी की जायेगी। बाजार क्षेत्र में चिन्हित स्थलों पर लैंड स्केपिंग का कार्य भी किया जायेगा। गजीबों में प्रतिदिन सांय सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जायेंगे। इस मौके पर डीएम ने कहा कि श्रीदेव सुमन पार्क में पेड़-पौधे तथा निर्माण साम्रागी इस तरह से चयनित की जाए। जिससे उनका रख-रखाव आसानी से किया जा सके। डीएम ने यथाशीघ्र कार्यों की डीपीआर बनाकर उपलब्ध कराने तथा आचार संहिता लगने से पूर्व कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। विधायक उपाध्याय ने कहा कि बाजार में फसाड सम्बन्धी कार्य स्थानीय पर्वतीय शैली के अन्तर्गत किए जायें। बैठक में व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों ने प्रस्ताव पर अपनी सहमति प्रदान की। बैठक में सचिव जिला विकास प्राधिकरण एडीएम केके मिश्रा, एसडीएम टिहरी संदीप कुमार, सहायक अभियन्ता जिवि प्राधिकरण डीएन तिवारी, व्यापार मण्डल अध्यक्ष ज्योति प्रसाद डोभाल, महामंत्री अजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज चमोली आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## ऐलोपैथिक चिकित्सालय खोलने की उठाई मांग

**चमोली :** भारतीय मानव अधिकार एसोसिएशन ने बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मैठाणा में राजकीय ऐलोपैथिक चिकित्सालय खोलने की मांग की है। क्षेत्रीय विधायक भूपाल राम टम्टा के माध्यम से सरकार को भेजे मांग पत्र में भारतीय मानव ऐसोसिऐशन के जिला अध्यक्ष जसवंत लाल ने कहा कि ग्राम सभा मैठाणा की 6 किमी से अधिक की परिधि कोई ऐलोपैथिक चिकित्सालय न होने से ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधि अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मैठाणा में राजकीय ऐलोपैथिक चिकित्सालय खुलने से निकट की कई ग्राम सभा की हजारों की संख्या में जनता को स्वास्थ्य संबंधी सुविधा मिल सकेगी। (एजेंसी)

## बाल कल्याण समिति ने होटलों में मारे छापे

**उत्तरकाशी :** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने माघ मेले में बाल श्रम रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान बाल कल्याण समिति के सदस्यों ने होटल और दुकानों में काम करने वाले 18 वर्ष से कम उम्र के 4 किशोर को उनके परिजनों को सौंपा। मुख्य विकास अधिकारी उत्तरकाशी के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, पुलिस, श्रम विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई। बाल श्रम उन्मूलन जिला टॉस्क फोर्स द्वारा बाल श्रम अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार होटल मालिकों को चेतावनी देते हुए शपथ पत्र में लिखित कार्यवाही के साथ पाबन्ध किया। फिर से ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई करने को कहा। इस दौरान कार्रवाई में जिला प्रोबेशन अधिकारी यशोदा बिष्ट, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष उत्तम गुसाईं, संरक्षण अधिकारी हिमानी पंवार, परियोजना समन्वयक दीपक उप्पल, प्रोबेशन कार्यालय से रंजीत सिंह गुसाईं, सदस्य जय प्रकाश भट्ट, श्रम विभाग से पूनम राणा, बाल संरक्षण इकाई से नवीन, चाइल्ड हेल्पलाइन से बबीता शामिल रहे। (एजेंसी)

## जसपूर-डोबरा रूट पर बस सेवा शुरू की जाये

**नई टिहरी :** उत्तराखंड किसान सभा की जिला कौंसिल ने डीएम मयूर दीक्षित को ज्ञापन सौंपकर बौराड़ी बस अड्डे से वाया जसपूर-डोबरा से उप्पू-भल्डियाना होते हुए उत्तरकाशी के दो बस सेवायें जाने व आने के लिए शुरू करने की मांग की है। बुधवार को डीएम मयूर दीक्षित को सौंपे ज्ञापन में किसान सभा के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह राणा व जिला सचिव कृपाल सिंह कठैत ने मांग की है कि 6 माह पूर्व अवगत कराया गया था कि बौराड़ी-जसपूर-बाडाबाटा मोटर मार्ग को आरटीओ की स्वीकृत मिल गई है। लेकिन आज तक निरंतर मांग के बाद भी इस सड़क मार्ग पर सार्वजनिक परिवहन की सेवायें शुरू नहीं हो पाई है। जिसके चलते इस रूट के दर्जनों गांव सार्वजनिक परिवन की सेवा से पूरी तरह से वंचित हैं। डोबरा-चांठी पुल पर आवाजाही शुरू होने के बाद उप्पू के 6 गांव तल्ला उप्पू, मल्ला उप्पू, औलणी, सिला उप्पू, सौड़ उप्पू व मठ तथा भल्डियान डांग पार जाने के लिए डोबरा प्लास, सिरांई, चौरा, हडमी, मरोड़ा, तिवाड़ गांव, चौंदार, ओखला सहित कई गांवों के लिए सार्वनिक परिवहन सेवायें सुलभ नहीं हैं।

# धारकोट में बनेगा मिनी स्टेडियम, प्रथम चरण की 97.63 लाख की किश्त जारी

**रुद्रप्रयाग :** जनपद के तल्लानागपुर के धारकोट में मिनी स्टेडियम का निर्माण होगा। इसके लिए प्रथम चरण की 97.63 लाख की धनराशि जारी कर दी गई है। इधर, रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विशेष आभार व्यक्त किया है। अगस्त्यमुनि ब्लॉक के तल्ला नागपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत धारकोट में मिनी स्टेडियम का जल्द निर्माण किया जाएगा। शासन के वित्त विभाग द्वारा युवा कल्याण विभाग को 97.63 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। बता दें कि तल्ला नागपुर के धारकोट में मिनी स्टेडियम की घोषणा 14 नवंबर 2022 को कोठगी में नर्सिंग कॉलेज के भूमि पूजन के मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गई थी।

मिनी स्टेडियम के लिए धनराशि स्वीकृत होने पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के निर्माण से स्थानीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। जो भविष्य में देश प्रदेश का नाम का रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही टेंडर प्रक्रिया होने के बाद कार्य शुरू कर दिया जाएगा। (एजेंसी)



# सम्पादकीय

## बिखर रहा गठबंधन का कुनबा

विपक्षी गठबंधन का कुनबा बनने से पहले ही बिखरता हुआ नजर आने लगा है। भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए विपक्ष के नेताओं ने एकजुट होने के अपने मंसूबों को प्रकट करते हुए जिस मंच पर आने का प्रयास किया था वही मंच अब ढहता हुआ नजर आने लगा है। लोकसभा सीटों में बंटवारे को लेकर पहले से ही कोई राय नहीं बन पा रही थी उस पर बंगाल एवं पंजाब में "इंडिया" गठबंधन को अपने सहयोगी दलों का कोई सहारा मिलता नजर नहीं आ रहा है। गठबंधन की मजबूत नेता ममता बनर्जी जिन्हें इस मंच के एक अग्रिम पंक्ति के नेता के रूप में देखा जा रहा था वह गठबंधन के भरोसे पश्चिम बंगाल में चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। ममता बनर्जी ने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी टीएमसी लोकसभा में अपने दम पर चुनाव लड़ेगी और किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। "इंडिया" गठबंधन के लिए इससे बड़ा वज्रपात भला और क्या होगा, क्योंकि पश्चिम बंगाल में अभी भी ममता बनर्जी की पार्टी को मजबूत माना जाता है और यदि बंगाल से ही गठबंधन की बुनियाद हिलने लगी तो देश के अन्य राज्यों में उसकी क्या स्थिति होगी यह समझना मुश्किल नहीं है। महागठबंधन का मुश्किलों का दौर इतने पर ही समाप्त नहीं हुआ है, पंजाब में भी आम आदमी पार्टी लोकसभा सीटों को लेकर महागठबंधन के साथ "सीट शेयरिंग" करने को तैयार नहीं है। सीएम पंजाब भगवंत मान ने स्पष्ट कर दिया है कि आम आदमी पार्टी यहां कांग्रेस से गठबंधन करने वाली नहीं है। महागठबंधन के नेता एक दूसरे को ही अपमानित करने में कीर्तिमान बना रहे हैं। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने जब ममता बनर्जी को अहंकारी और बेईमान कहा था तभी यह स्पष्ट हो गया था कि ममता का हाथ महा गठबंधन के साथ अधिक चलने वाला नहीं है। "इंडिया" महागठबंधन के गठन के बाद से ही इसमें एकजुटता कम और विवाद अधिक नजर आए हैं। प्रधानमंत्री पद के लिए मुख्य चेहरा बनाने से लेकर सीटों के बंटवारे का विवाद गठबंधन की नींव हिला चुका है। पश्चिम बंगाल एवं पंजाब में सीट शेयरिंग का सिद्धांत बिगड़ने के बाद महागठबंधन की गाड़ी भाजपा के विजय रथ को रोकने में कारगर साबित होगी, यह अब मुश्किल लगने लगा है। एक तरफ गठबंधन अपनी कमजोर दम तोड़ती एकता के भरोसे भाजपा से टक्कर लेने के दावे कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी की नजर इस बार 400 से अधिक सीट हासिल करने पर है। अयोध्या में श्री रा'म मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को जिस प्रकार से भाजपा ने प्रचारित और प्रसारित किया उसके बाद तो विपक्ष के लिए मुसीबत का अंबार ही खड़ा हो गया है। विपक्ष के नेताओं का आयोजन के आमंत्रण को ठुकराना भी लोगों में प्रभाव डालेगा। तमाम बिगड़ी परिस्थितियों के बीच "इंडिया" महागठबंधन को आखिर एक डोर में कैसे पिरोया जाए इसका हल निकालना गठबंधन के नेताओं के लिए अब टेढ़ी खीर साबित होने लगा है।

## जो जमीनी हालात हैं

मीडिया हेडलाइन्स से भारत की खुशनुमा तस्वीर उकेरने की कोशिश अक्सर होती रहती है। लेकिन जो जमीनी हालात हैं, वे इससे नहीं बदल सकते। विडंबना है कि इन हालात को बदलने की कोशिश के बजाय विकसित भारत का खोखला सपना दिखाया जा रहा है।

अभी हाल में 2023–24 के अनुमानित सरकारी आर्थिक आंकड़े जारी हुए, तो उनसे पता चला कि इस वित्त वर्ष में (दो अपवाद वर्षों को छोड़ कर) भारत की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि 21 वर्ष के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। इस वर्ष यह वृद्धि दर 7.9 प्रतिशत रही। बीते 21 वर्षों में सिर्फ 2019–20 और 2020–21 में ये दर इससे कम रही थी, जब सारी दुनिया कोरोना महामारी की चपेट में थी। एक अंग्रेजी वेबसाइट ने अपने विश्लेषण से बताया है कि चालू वित्त वर्ष में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में भारी गिरावट आई है। अप्रैल से सितंबर तक देश में सिर्फ 10.1 बिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया। इसके पहले (इस अवधि में) इतनी कम एफडीआई 2007–08 में आई थी। देश में औसत आम उपभोग का कमजोर बने रहना अब एक स्थायी हेडलाइन है। ताजा खबर यह है कि अक्टूबर–दिसंबर की तिमाही में एफएमसीजी क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलिवर लिमिटेड का मुनाफा अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं बढ़ सका। कंपनी ने इसका कारण ग्रामीण क्षेत्रों में मांग की कमजोर स्थिति को बताया है। ये सारी खबरें अलग–थलग नहीं हैं। बल्कि उस गंभीर आम माली हालत का सूचक हैं, जो लगातार गंभीर हो रही है। दरअसल, जिस देश में कामकाजी उम्र वर्ग की लगभग 50 फीसदी आबादी सवा लाख रुपये से कम वार्षिक आय पर गुजारा करती हो, वहां महंगाई एवं सामाजिक सुरक्षाओं में कटौती का परिणाम इसी रूप में सामने आ सकता है। इस स्थिति का निहितार्थ यह है कि भारत के एक सशक्त बाजार के रूप में उभर सकने की संभावनाएं सीमित बनी हुई हैं। यह अवश्य है कि लगभग छह–सात करोड़ लोगों का एक उपभोक्ता वर्ग हमारे देश में मौजूद है और जो मौजूदा वैश्विक आर्थिक–राजनीति सूरत के बीच बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसलिए मीडिया हेडलाइन्स से भारत की खुशनुमा तस्वीर उकेरने की कोशिश अक्सर होती रहती है। लेकिन जो जमीनी हालात हैं, वे ऐसे प्रयासों से नहीं बदल सकते। विडंबना यह है कि इन हालात को बदलने की कोशिश के बजाय विकसित भारत का खोखला सपना दिखाया जा रहा है।

# धर्म सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा होगा

**अजीत द्विवेदी**

कोई कुछ भी कहे अगले लोकसभा चुनाव में व्यापक रूप से हिंदुत्व और खासतौर से राममंदिर सबसे बड़ा मुद्दा होने जा रहा है। कुछ समय पहले तक राजनीतिक रूप से राममंदिर का मुद्दा समाप्त मान लिया गया था। लेकिन उस समाप्त हो चुके मुद्दे को भाजपा ने फिर से जिंदा कर दिया है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का जैसा भव्य आयोजन हुआ है और कार्यक्रम के हर फ्रेम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जैसी मौजूदगी रही है उसके बाद कोई संदेह नहीं रह गया है कि यह अगले चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा होने वाला है। चुनाव की घोषणा से पहले पूरे देश और पूरी दुनिया को राममय करने का विशाल अभियान चुनाव को ध्यान में रख कर ही चलाया गया था। प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरा देश उत्सव के माहौल में था और अगले तीन महीने इस माहौल की तीव्रता कम नहीं होने दी जाएगी।




अयोध्या में राममंदिर को लेकर कांग्रेस के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत पीवी नरसिंह राव की दो बातें मिथक की तरह प्रसिद्ध हैं। उन्होंने अपने दक्षिणपंथी विचारों का बचाव करते हुए किसी नेता से कहा था कि कांग्रेस भाजपा से तो लड़ सकती है लेकिन भगवान राम से कैसे लड़ सकती है। उनकी दूसरी बात यह है कि वे मानते थे कि विवादित ढांचा टूट जाने के बाद अयोध्या का मामला समाप्त हो जाएगा। उनका दावा था कि 1992 में बाबरी मस्जिद का विवादित ढांचा टूटने के बाद अयोध्या का मामला भाजपा के हाथ से निकल गया है। यह बात पूरी तरह से सही नहीं साबित हुई। क्योंकि उसके बाद भाजपा 1991 के 89 सीटों से 1996 में 161 सीटों पर पहुंच गई और उसके बाद 1999 और 2004 के चुनावों में 183 सीटों पर रही।

अब अब उसके 20 साल बाद राममंदिर एक बार फिर चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बनता दिख रहा है। ध्यान रहे नरेंद्र मोदी ने अपने दो चुनावों में इसे मुद्दा नहीं बनाया था। उनका पहला चुनाव यानी 2014 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस सरकार की एंटी इन्कम्बैंसी पर था। हिंदुत्व का अंडरकरंट भी था क्योंकि 2002 के गुजरात दंगों के बाद से नरेंद्र मोदी खुद कट्टरपंथी हिंदुत्व का प्रतीक चेहरा बन कर उभरे थे। लेकिन प्रचार की थीम मोटे तौर पर महंगाई, भ्रष्टाचार और कमजोर नेतृत्व पर थी। दूसरा यानी 2019 का चुनाव व्यापक रूप से राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृत्व के मुद्दे पर लड़ा गया। इसके लिए पुलवामा कांड और उरी व बालाकोट स्ट्राइक को मुद्दा बनाया गया।

लेकिन इस दस साल की अवधि में ऐसा नहीं है कि अयोध्या के प्रोजेक्ट को भुला दिया गया था। वह मंथर गति से आगे बढ़ रहा था। साथ ही लोगों को ज्यादा से ज्यादा धार्मिक बनाने का अभियान भी चल रहा था। मैकियावेली ने 'द प्रिंस' लिखा है कि 'राजा को चाहिए कि वह जनता को ज्यादा से ज्यादा धार्मिक बनाए क्योंकि धार्मिक जनता पर शासन करना बहुत आसान होता है'। सो, नरेंद्र मोदी देश की जनता को धार्मिक बनाने में लगे रहे। उन्होंने अपनी छवि एक समर्पित हिंदू बुजुर्ग की बनाई। वे मंदिरों में जाते तो पूरी भाव भंगिमा एक धर्मप्राण हिंदू की होती। कैमरे के साथ मंदिर में जाने की चाहे जितनी आलोचना की जाए लेकिन उससे उनकी छवि आम हिंदू के मन में स्थापित हुई। इस लिहाज से उनका दूसरा पांच साल पहले पांच साल से बहुत अलग था। पहले पांच साल में वे योजनाओं की बात करते रहे लेकिन दूसरे पांच साल में भाजपा के पुराने वादों को पूरा करने पर जोर दिया और मंदिरों की परियोजनाओं को पूरा कराया। कॉशी कॉरिडोर परियोजना और उसके उद्घाटन समारोह में गंगा में डुबकी लगाने के बाद जलपात्र हाथ में लिए मोदी की जो छवि बनी उसने व्यापक हिंदू समाज को अभिभूत किया। उनकी सरकार ने अनुच्छेद 370 समाप्त किया तो राममंदिर का निर्माण भी करा दिया। निश्चित रूप से राममंदिर का निर्माण सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हुआ है लेकिन आदेश देने वाले चीफ जस्टिस रंजन गोगोई को राज्यसभा भेज कर नरेंद्र मोदी ने अपना मैसेज हिंदू जनता तक पहुंचा दिया।

धार्मिक परियोजनाओं को पूरा करने और देश की जनता को ज्यादा से ज्यादा धार्मिक बनाने के बाद मोदी अपने तीसरे चुनाव में धर्म का मुद्दा लेकर मैदान में उतरेंगे। देश की जनता किस तरह से धार्मिक हुई है और धार्मिक जनता का रूझान कैसे भाजपा की ओर बना है यह सीएसडीएस–लोकनीति के एक सर्वेक्षण से जाहिर होता है। इस संस्था जुड़े जाने माने चुनाव विश्लेषक संजय कुमार ने एक लेख लिखा है, जिसमें बताया है कि देश की हिंदू धर्मप्राण जनता का 51 फीसदी हिस्सा भाजपा को वोट करता है। पिछले चुनाव में 49 फीसदी ने भाजपा को वोट किया था और उससे पहले 31 फीसदी धर्मप्राण जनता भाजपा को वोट करती थी। उनके सर्वेक्षण के मुताबिक ऐसे हिंदू जो नियमित पूजा–पाठ करते हैं उनमें से 53 फीसदी ने पिछले चुनाव में भाजपा को वोट किया था और सिर्फ 10 फीसदी ने कांग्रेस को वोट डाला था।

इसके साथ ही भारत में धर्मप्राण हिंदुओं की संख्या भी बढ़ रही है। कई सर्वेक्षणों से पता चलता है कि मंदिर जाने वाले युवाओं की संख्या बढ़ रही है। जींस–टीशर्ट पहनने वाले युवाओं में मंदिर जाने का चलन बढ़ा है तो सोशल मीडिया में धार्मिक कंटेंट सबसे ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। धार्मिक गाने रातों रात हिट हो रहे हैं और धर्मगुरुओं की बाढ़ आई हुई है। इस बीच एक आंकड़ा यह आया है कि गोरखपुर में गीता प्रेस की छपाई मशीनें 24 घंटे चल रही हैं और तब भी रामचरितमानस की मांग पूरी नहीं हो रही है। गीता प्रेस में हर महीने रामचरितमानस की एक लाख प्रतियां छप रही हैं फिर भी गोदाम में कोई कोई स्टॉक उपलब्ध नहीं है। सोचें, एक तरफ रामचरितमानस और तुलसीदास पर हमले हैं तो दूसरी ओर बिक्री का रिकॉर्ड है!बहरहाल, जनता को धार्मिक बनाने का प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद भाजपा अगले चुनाव में व्यापक रूप से हिंदू धर्म और खासतौर से राममंदिर का मुद्दा बना रही है। जिस तरह का आयोजन 22 जनवरी को हुआ है और जैसा आयोजन आने वाले दिनों में होगा उसे देखते हुए कोई संदेह नहीं कि यह सबसे बड़ा मुद्दा होने वाला है। अगले दो महीने में 50 लाख लोग अयोध्या पहुंचेंगे और चुनाव के बीच रामनवमी के दिन बड़ा आयोजन होगा, उस समय देश में चुनाव चल रहा होगा। सो, इस बार का चुनाव रामलला के नाम है। वैसे भी यह गाना इन दिनों बहुत मशहूर हो रहा है कि 'जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे'। हालांकि कई समझदार लोग इसका विरोध कर रहे हैं और कह रहे हैं कि कोई व्यक्ति कैसे राम को ला सकता है। राम तो सबको लाए हैं फिर राम को लाने की बात का क्या मतलब है?

# हाथ से फिसलती डोर

ेंजामिन नेतन्याहू को मालूम है कि जब युद्ध ठहर जाएगा, तब इजराइल के अंदर उनसे सात अक्टूबर 2023 को हुई सुरक्षा चूक और गजा में अंधाधुंध सैनिक कार्रवाई की उनकी रणनीति को लेकर अनेक गंभीर सवाल पूछे जाएंगे।


। नेतन्याहू को मालूम है कि जब युद्ध ठहर जाएगा, तब इजराइल के अंदर उनसे सात अक्टूबर 2023 को हुई सुरक्षा चूक और गजा में अंधाधुंध सैनिक कार्रवाई की उनकी रणनीति को लेकर गंभीर सवाल पूछे जाएंगे। जब युद्ध शुरू हुआ, तब नेतन्याहू कथित न्यायिक सुधारों को लेकर देश में घिरे हुए थे। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने इससे संबंधित कानून को रद्द कर दिया। इससे उनकी राजनीतिक स्थिति और कमजोर हो गई है। इस बीच बिना किसी सैनिक उद्देश्य गजा में कत्ल–ए–आम जारी रखने की उनकी रणनीति ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके समर्थकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गजा में 25 हजार से अधिक फिलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमे आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं। 62 हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं। वहां की 85 प्रतिशत आबादी बेघर हो चुकी है।

फिलस्तीनियों के खिलाफ युद्ध ना रोकने की जिद अब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भारी पडऩे लगी है। सभी तरफ यह अहसास गहरा चुका है कि अपनी कुर्सी बचाने के लिए नेतन्याहू युद्ध को लंबा खिंच रहे हैं। नेतन्याहू को मालूम है कि जब युद्ध ठहर जाएगा, तब इजराइल के अंदर उनसे सात अक्टूबर 2023 को हुई सुरक्षा चूक और गजा में अंधाधुंध सैनिक कार्रवाई की उनकी रणनीति को लेकर गंभीर सवाल पूछे जाएंगे। जब युद्ध शुरू हुआ, तब नेतन्याहू कथित न्यायिक सुधारों को लेकर देश में घिरे हुए थे। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने इससे संबंधित कानून को रद्द कर दिया। इससे उनकी राजनीतिक स्थिति और कमजोर हो गई है। इस बीच बिना किसी सैनिक उद्देश्य गजा में कत्ल–ए–आम जारी रखने की उनकी रणनीति ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके समर्थकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गजा में 25 हजार से अधिक फिलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमे आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं। 62 हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं। वहां की 85 प्रतिशत आबादी बेघर हो चुकी है।

इसलिए भले ही दिखावटी तौर पर, लेकिन अमेरिका के जो बाइडेन प्रशासन को भी अब संकेत देना पड़ रहा है कि वह गजा में इजराइली कार्रवाई रोकना चाहता है। इस बीच यूरोपियन यूनियन ने एक विशेष बैठक बुलाई है, जिसके लिए तैयार एजेंडे में सदस्य देशों से यह कहा गया है कि वे नेतन्याहू को यह संदेश दें कि फिलस्तीनियों के लिए अलग संप्रभु राज्य के गठन के लिए तैयार नहीं होने पर उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में दक्षिण अफ्रीका की याचिका पर हुई कार्यवाही पहले ही इजराइल और उसके समर्थक देशों की छवि को बेहद मलीन कर चुकी है। उधर एक अमेरिकी अखबार के मुताबिक इजराइल में अब उद्विग्नता का माहौल है। सैन्य विशेषज्ञ यह दो टूक कह रहे हैं कि हमास को जड़ से उखाडऩे की नेतन्याहू की घोषणाएं दिवास्वप्न हैं। इसी माहौल का परिणाम बीते सप्ताहांत देखने को मिला, जब हजारों इजराइली नेतन्याहू विरोधी प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए सडक़ों पर उतर आए। यह नेतन्याहू के हाथ से डोर फिसलने का ठोस संकेत है।

# अयोध्याधाम में दर्शनार्थियों की व्यवस्था की योगी ने की समीक्षा, कहा, कतारबद्ध कर सबको कराएं दर्शन

लखनऊ,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में रामलला के दर्शन की आकांक्षा लिए उमड़े आस्था के महासागर के बीच हर श्रद्धालु के सहज, सुगम व संतोषपूर्ण दर्शन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों व स्थानीय प्रशासन के साथ परिस्थितियों का जायजा लेने के बाद बुधवार को मुख्यमंत्री ने शासन स्तर के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि अयोध्याधाम में आस्था का जनसमुद्र देखा जा सकता है। पूरे देश से श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। हर कोई अपने आराध्य प्रभु के दर्शन का पुण्य लाभ चाहता है। भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन स्वाभाविक है। ऐसी परिस्थितियों में हर श्रद्धालु की सुरक्षा, सुविधा व सुगम दर्शन की व्यवस्था करना हम सभी का कर्तव्य है। स्थानीय प्रशासन और मंदिर न्यास के बेहतर समन्वय के साथ



क्राउड मैनेजमेंट किया जाना चाहिए।

राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ और जन्मभूमि पथ पर, जहां भी दर्शनार्थी हों, कतारबद्ध खड़े हों। भीड़ न लगे। कतार चलायमान रहे। बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं का विशेष ध्यान दें। दर्शनार्थियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए प्रमुख पथों पर लो-ट्यून में राम भजन बजने चाहिए। सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों का व्यवहार मर्यादित होना चाहिए। अति विशिष्ट, विशिष्ट, गणमान्य जन द्वारा अयोध्या आगमन का कार्यक्रम बनाने से एक सप्ताह पूर्व स्थानीय प्रशासन, श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास अथवा राज्य सरकार को सूचित करना हितकर होगा।

योगी ने कहा कि कतारबद्ध श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पर पेयजल की व्यवस्था कराएं। दिव्यांग अथवा अति बुजुर्ग श्रद्धालु के लिए आवश्यकतानुसार व्हीलचेयर के प्रबंध भी होने चाहिए। ठंड बहुत है, ऐसे में अलाव की व्यवस्था कराएं। भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ पर पर जूट मैटिंग कराएं। प्लास्टिक की कुर्सियां लगाएं ताकि बुजुर्ग एवं वृद्धजन आवश्यकतानुसार विश्राम कर सकें।

सभी घाटों सहित पूरे नगर में साफ-सफाई-स्वच्छता लगातार होती रहे। मशीनीकृत सफाई हो।

# रामभक्त ध्यान दें-अयोध्या में श्री राम लला के विग्रह का नाम अब होगा बालक राम

अयोध्या , अयोध्या में श्रीराम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन के बाद प्रभु श्री राम लला के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं, अब रामलला के विग्रह को ह्यबालक रामह्ण के नाम से जाना जाएगा। इस विग्रह का नाम ह्यबालक रामह्ण इसलिए रखा गया है क्योंकि भगवान पांच वर्ष के बच्चे के रूप में खड़ी मुद्रा में स्थापित किए गए हैं।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जुड़े एक पुजारी अरुण दीक्षित ने बताया कि भगवान राम की मूर्ति, जिसका अभिषेक 22 जनवरी को किया गया था उसका नाम बालक राम रखा गया है। मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में एक भव्य समारोह में की गई।?इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक नए युग के आगमन का प्रतीक है। वाराणसी के रहने



वाले अरुण दीक्षित ने बताया कि पहली बार जब मैंने मूर्ति देखी, तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मेरी आंखों में खुशी के आंसू बहने लगे। उस समय मुझे जो अनुभूति हुई, उसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता।

## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद : गोकशी की घटना में वांछित आरोपियों से हुई पुलिस की मुठभेड़; एक गिरफ्तार, दो फरार

गाजियाबाद ,उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के थाना मसूरी में कुछ दिन पहले एक गोकशी की घटना हुई थी जिसमें पुलिस वांछित आरोपियों की तलाश कर रही थी। बीती रात थाना मसूरी पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई जिसमें एक बदमाश घायल होने के बाद गिरफ्तार हुआ जबकि उसके दो साथी फरार हो गए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना मसूरी पुलिस कुछ दिन पहले हुई गोकशी की घटना को लेकर लगातार चेकिंग कर रही है। बीती रात चेकिंग के दौरान एक बाइक पर तीन सवार लोगों को आते देख पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया। लेकिन वे रुकने की बजाय पुलिस को चकमा देकर सिकोड़ा के जंगल की तरफ भागने लगे।

पुलिस ने उनका पीछा किया जिस पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लगी है जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गए। उनकी तलाश की जा रही है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हापुड़ निवासी जुनैद के रूप में हुई है। उसके पास से पुलिस ने चोरी की एक बाइक, एक तमंचा, एक खोका कारतूस और गोकशी करने के उपकरण बरामद हुए हैं।

### बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर को मिलेगा भारत रत्न

नई दिल्ली ,केंद्र सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा की है। उक्त जानकारी राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में दी गईहै। कर्पूरी ठाकुर की बुधवार को होने वाली 100वीं जन्म जयंती से पहले उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किए जाने का ऐलान किया गया है।

कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर ने कहा कि हमें 36 साल की तपस्या का फल मिला है, मैं अपने परिवार और बिहार के 15 करोड़ो लोगों की तरफ से सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं।बिहार के समस्तीपुर में जन्मे कर्पूरी ठाकुर दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे। हालांकि वह कभी अपना कार्यकाल नहीं पूरा कर पाए। उन्हें पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण का रास्ता साफ करने के लिए जाना जाता है। उन्होने मुंगेरी लाल आयोग की सिफारिशों को लागू करवाया था। इसके लिए उनको अपनी सरकार की भी कुर्बानी देनी पड़ गई। इसके अलावा उन्होंने बिहार की शिक्षा व्यवस्था में भी कई अमूलचूक परिवर्तन किए थे।

# दिल्ली गैस चैंबर में तब्दील, हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में

नई दिल्ली , कमीशन ऑफ एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) के ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के दूसरे चरण के होने के बावजूद दिल्ली में बिगड़ती वायु गुणवत्ता से कोई राहत नहीं मिलती दिख रही है। बुधवार की सुबह कई जगहों पर एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) गंभीर स्तर पर दर्ज किया गया।

एक्सपर्ट्स खराब वायु गुणवत्ता और राष्ट्रीय राजधानी को गैस चैंबर में बदलने के लिए वर्तमान मौसम की स्थिति को जिम्मेदार मानते हैं।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आनंद विहार स्टेशन पर सुबह 8 बजे पीएम2.5 का स्तर 411 और पीएम10 का स्तर 385 यानी बहुत खराब के साथ गंभीर श्रेणी में था, जबकि एनओ 87 तक गिर गया और सीओ 66 तक पहुंच गया, दोनों संतोषजनक श्रेणी में थे। हालांकि, सुबह 10 बजे आनंद विहार स्टेशन पर पीएम2.5 में थोड़ा सुधार हुआ और यह 385 और पीएम10 का स्तर



363 पर पहुंच गया, दोनों बहुत खराब श्रेणी में हैं। द्वारका सेक्टर 8 में पीएम2.5 का स्तर 437 पर और पीएम10 का स्तर 403 पर था, दोनों गंभीर श्रेणी में थे, जबकि सीओ 96 पर था, जो संतोषजनक स्तर पर था।

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे टी3 क्षेत्र में हवा की गुणवत्ता बहुत खराब थी, जिसमें पीएम2.5 का स्तर 359 और पीएम10 का स्तर 358 दर्ज किया गया, जबकि सीओ संतोषजनक श्रेणी में गिरकर 68 पर आ गया। ओखला फेज-2 स्टेशन पर, पीएम2.5 का स्तर गिरकर 411 पर और पीएम10 का स्तर 403 पर था, दोनों गंभीर श्रेणी में थे, जबकि एनओ2 बढ़कर 78 हो गया और सीओ 62 पर था। दोनों संतोषजनक स्तर पर थे।

### बिजनौर में कार सवार पांच लोग राम गंगा नदी बैराज में डूबे, चार की मौत

बिजनौर ,उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में मंगलवार देर रात अफजलगढ़ थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार अनियंत्रित वैगनआर कार हरेवली स्थित राम गंगा नदी बैराज में गिर गई। हादसे में कार सवार चार लोगों की डूबकर मौत हो गई।

मृतकों की पहचान खुर्शीद, राशिद, फैसल और माहरुफ के रूप में हुई है। अफजलगढ़ पुलिस उपाधीक्षक अर्चना सिंह ने बुधवार को बताया कि मंगलवार देर करीब रात आठ बजे अफजलगढ़ थाना अंतर्गत हरेवली राम गंगा नदी बैराज में पांच लोगों के डूबने की सूचना मिली थी। राहत-बचाव दल के साथ पुलिस मौके पहुंची।

डीएसपी ने कहा कि हादसा उस वक्त हुआ जब ग्राम नूरपुर छिपरी के रहने वाले पांच लोग सफेद रंग की वैगनआर कार से अफजलगढ़ से नुमाइश देखकर घर वापस लौट रहे थे। हरेवली राम गंगा नदी बैराज पर चालक ने कार पर अपना नियंत्रण खो दिया और कार नदी में जा गिरी।

### पंजाब में कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं : भगवंत मान

चंडीगढ़ ,पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) अगले लोकसभा चुनाव में अकेले उतरेगी और कांग्रेस के साथ गठबंधन किए बिना राज्य की सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

क्लीन स्वीप की भविष्यवाणी करते हुए, मान ने कहा, 2024 के लोकसभा चुनावों में यह 13-0 होने जा रहा है। आप पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करने के लिए तैयार है और देश में हीरो बनकर उभरेगी।

मान का कहना है कि राज्य में कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा।

चंडीगढ़ मेयर चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ पार्टी के गठबंधन के बारे में पूछे जाने पर, मान ने बिना कुछ कहे मीडिया से कहा, पार्टी चंडीगढ़ की एकमात्र सीट पर भी अकेले चुनाव लड़ेगी।

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान देनें के फैसले पर श्रेय लेनें की मची होड़

पटना ,बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने के फैसले के बाद अब इसका श्रेय लेने को लेकर राजनीतिक दलों में होड़ मची है। भाजपा की विरोधी पार्टियां राजद और जदयू अपनी पुरानी मांग की दुहाई देकर इसका श्रेय लेने में जुटी है तो भाजपा के नेता पिछड़ों के सम्मान से जोड़ कर इसे नरेंद्र मोदी की सरकार को श्रेय दे रही है।

वैसे, भाजपा के नेता कह रहे हैं कि राजद इतने दिन सरकार में रही तो क्यों नहीं भारत रत्न दे सकी। राजद के नेता और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बुधवार को कहा कि हम लंबे समय से यह मांग कर रहे थे। हमें खुशी है कि पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न दिए जाने की घोषणा की गई है। राजनीतिक तौर पर इसका प्रभाव भी दिखाई देगा।

उन्होंने कहा कि हमारी मांग पूरी हो गई है। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में जाति गणना की रिपोर्ट जारी होने के बाद आबादी की जो संख्या निकलकर आई, उसके बाद ही भारत सरकार को यह निर्णय लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इधर, बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के नेता नीतीश कुमार इसे जदयू की पुरानी मांग को पूरा होना जरूर बताते हैं, लेकिन इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना नहीं भूलते।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि पूर्व मुख्यमंत्री और महान समाजवादी नेता स्व. कर्पूरी ठाकुर जी को देश का सर्वोच्च सम्मान ह्यभारत रत्नह्ण दिया जाना हार्दिक प्रसन्नता का विषय है। केंद्र सरकार का यह अच्छा निर्णय है। ठाकुर जी को उनकी 100वीं जयंती पर दिया जाने वाला यह सर्वोच्च सम्मान दलितों, वंचितों और उपेक्षित तबकों के बीच सकारात्मक भाव पैदा करेगा। हम हमेशा से ही स्व. कर्पूरी ठाकुर जी को ह्यभारत रत्नह्ण देने की मांग करते रहे हैं। वर्षों की पुरानी मांग आज पूरी हुई है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि पिछड़ों के मसीहा जननायक कर्पूरी ठाकुर को उनकी जन्मशताब्दी पर भारत रत्न देने का निर्णय कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार व देश के करोड़ों पिछड़ों का सम्मान किया है।

# वृद्ध सास या दादी सास की सेवा करना विवाहित महिला का कर्तव्य, हाईकोर्ट का आदेश

रांची ,झारखंड हाईकोर्ट ने पारिवारिक विवाद के एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा है कि भारतीय संस्कृति के अनुसार विवाहित महिला से यह उम्मीद की जाती है कि वह अपनी वृद्ध सास या दादी सास की सेवा करेगी। महिला अपने पति पर इस बात के लिए दबाव नहीं डाल सकती कि वह अपनी मां और दादी से अलग रहे। जस्टिस सुभाष चंद ने रुद्र नारायण राय बनाम पियाली राय चटर्जी राय केस में फैसला सुनाते हुए भारत के संविधान में अनुच्छेद 51-ए के तहत उल्लिखित मौलिक कर्तव्यों और पौराणिक ग्रंथों यजुर्वेद एवं मनुस्मृति का भी हवाला दिया।

न्यायालय ने भारत के संविधान में अनुच्छेद 51-ए का उल्लेख करते हुए कहा, इसमें नागरिक के मौलिक कर्तव्यों में हमारी समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्व देने और संरक्षित करने का प्रावधान है। पत्नी द्वारा वृद्ध सास या दादी सास की सेवा करना भारत की संस्कृति है।

न्यायाधीश ने यजुर्वेद के श्लोक को उद्धृत करते हुए कहा, हे महिला, तुम चुनौतियों से हारने के लायक नहीं हो। तुम सबसे शक्तिशाली चुनौती को परास्त सकती हो। दुश्मनों और उनकी सेनाओं को हराओं, तुम्हारी वीरता हजार है।

कोर्ट ने मनुस्मृति एक श्लोक का उल्लेख करते हुए कहा- जहां परिवार की महिलाएं दुखी होती हैं, वह परिवार जल्द ही नष्ट हो जाता है, लेकिन जहां महिलाएं संतुष्ट रहती हैं, वह परिवार हमेशा फलता- फूलता है।

न्यायालय ने पति-पत्नी के बीच गुजारा भत्ते से जुड़े केस में दुमका स्थित फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाले रुद्र नारायण राय की याचिका पर सुनवाई के दौरान ये अहम टिप्पणियां कीं।

दुमका फैमिली कोर्ट ने उन्हें आदेश दिया था कि वह अलग रह रही पत्नी को 30,000 रुपये और अपने नाबालिग बेटे को 15,000 रुपये भरण-पोषण भत्ते के रूप में भुगतान करें। रुद्र नारायण राय की पत्नी पियाली राय चटर्जी ने आरोप लगाया था कि उसके पति और ससुराल वालों ने उसके साथ क्रूरता की और दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया। दूसरी तरफ रुद्र नारायण राय का कहना था कि पत्नी ने उस पर मां और दादी से अलग रहने का दबाव बनाया। उन्होंने बताया कि पत्नी अक्सर घर की दो बूढ़ी महिलाओं के साथ झगड़ा करती थी और उसे बताए बिना अपने माता-पिता के घर जाती रहती थी।

हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद सबूतों से संकेत मिलता है कि पत्नी पति पर बिना किसी वैध आधार के अपनी मां और दादी से अलग रहने का दबाव डाल रही थी।

इस आधार पर कोर्ट ने फैमिली कोर्ट द्वारा पत्नी को 30,000 रुपये का भरण-पोषण भत्ता देने का आदेश खारिज कर दिया।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ टी–20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित



नईदिल्ली, वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 9 फरवरी से शुरू होने वाली टी–20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का ऐलान किया गया है।इस सीरीज से पैट कमिंस सहित कुछ प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया गया है।ऑलराउंडर मिचेल मार्श 3 मैचों की इस टी–20 सीरीज में कप्तानी करेंगे। वह पहले भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम की कमान संभाल चुके हैं।

मार्श की कप्तानी में पिछले साल अगस्त–सितंबर में ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को उसी के घर पर 3–0 से हराया था। उस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के कई खिलाड़ी नहीं खेले थे।कंगारू टीम ने पहले टी–20 को 111 रन से जीता था। इसके बाद दूसरे और तीसरे टी–20 में मेहमान टीम ने 8 विकेट और 5 विकेट से जीत दर्ज की थी।उस सीरीज में बतौर कप्तान मार्श के स्कोर क्रमशः 92*, 79* और 15 रन रहे थे।

ग्लेन मैक्सवेल और तेज गेंदबाज नाथन एलिस की भी वनडे सीरीज से आराम के बाद टीम में वापसी हुई है।ऑस्ट्रेलियाई टीम होबार्ट में उद्घाटन मैच से 2 दिन पहले 7 फरवरी को एकत्रित होगी।मैट शॉर्ट अनुभवी डेविड वार्नर के साथ सलामी बल्लेबाज हो सकते हैं।ऑस्ट्रेलियाई टी–20 टीमः मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेसन बेहरेनडोर्फ, टिम डेविड, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मैट शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर और एडम जैम्पा।

कमिंस के अलावा तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को इस टी–20 सीरीज से आराम दिया गया है।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने यह कहते हुए आराम दिया है कि इन तीनों को फरवरी के अंत में न्यूजीलैंड में टी–20 सीरीज के लिए टीम में शामिल किया जाएगा।वनडे से आराम के बाद हेजलवुड को टी–20 टीम में शामिल किया गया है। वह तेज गेंदबाजी की अगुवाई करेंगे।

दोनों देशों के बीच टी–20 सीरीज की शुरुआत 9 फरवरी को होबार्ट में होने वाले मुकाबले से हो जाएगी।इसके बाद 11 फरवरी को एडिलेड ओवल में दूसरा टी–20 और 13 फरवरी को पर्थ में तीसरा टी–20 होना है।फिलहाल दोनों टीमें टेस्ट सीरीज में हिस्सा ले रही है, जिसमें पहले मुकाबले को जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने बढ़त बनाई हुई है। 25 जनवरी से दूसरा और आखिरी टेस्ट खेला जाएगा। इसके बाद 2 फरवरी से वनडे सीरीज खेली जाएगी।

## न्यूजीलैंड–अफगानिस्तान के रोमांचक मुकाबले में आखिरी विकेट पर नॉन–स्ट्राइकर रन आउट



दुबई, आईसीसी अंडर–19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2024 में मंगलवार को बफेलो पार्क में न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच मैच में उत्साह और तनाव, दोनों देखा गया, खास–कर मैच के अंतिम क्षणों में जब नसीर खान रन आउट हो गए। जीत के लिए सिर्फ 92 रनों का पीछा करते हुए अल्लाह मोहम्मद गज़नफ़र (3/29) के नेतृत्व में अफगानिस्तान के गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड को मुश्किल समय दिया, जिसके बाद न्यूजीलैंड 90/8 पर पहुंच गया। जब दो रन चाहिए थे और दो विकेट बचे थे, नसीर खान अपने पांचवें ओवर की पहली गेंद फेंकने के लिए दौड़े, लेकिन टर्न अराउंड गेंद डालने से पहले रुक गए और श्रेडर को रन आउट कर दिया।नॉन–स्ट्राइकर ने क्रीज के बाहर कुछ कदम उठाए थे, जिससे नसीर खान को आउट करने में मदद मिली और अफगानिस्तान जीत से एक विकेट दूर रह गया। मैच के बाद रन आउट के बारे में पूछे जाने पर नसीर खान ने कहा, यह नियमों में है और इसीलिए मैंने ऐसा किया। अफगानिस्तान के कप्तान ने यह भी कहा कि श्रेडर आउट होने से पहले हर गेंद पर नॉन–स्ट्राइकर की क्रीज छोड़ रहे थे।पूर्वी लंदन में रोमांचक मैच में न्यूज़ीलैंड ने अफगानिस्तान को एक विकेट से हरा दिया देर से विकेट गिरने के बावजूद मैट रोवे – जिन्होंने पहली पारी में 16 गेंदों में पांच विकेट लेकर चमक बिखेरी थी, ने अगली गेंद पर विजयी रन बनाकर न्यूजीलैंड को एक विकेट से रोमांचक जीत दिला दी।

## रोहन बोपन्ना ने 43 साल की उम्र में वर्ल्ड नंबर 1 बनकर रचा इतिहास



मेलबर्न, भारतीय अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने अपने साथी मैट एब्डेन के साथ बुधवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इतना ही नहीं उन्होंने 43 साल की उम्र में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी के तौर पर विश्व नंबर 1 का ताज अपने नाम किया। हालांकि, ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के समापन के बाद सोमवार को एटीपी रैंकिंग अपडेट जारी किया जाएगा।

दूसरी वरीयता प्राप्त इंडो–ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने मार्गरेट कोर्ट एरेना में छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना की जोड़ी मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मॉल्टेनी को 6–4, 7–6 (7–5) से हराया।

क्वार्टरफाइनल जीत ने बोपन्ना को एटीपी रैंकिंग में मौजूदा विश्व नंबर 1, यूएसए के ऑस्टिन क्राईजेक से आगे कर दिया है। क्राईजेक, अपने क्रोएशियाई साथी इवान डोडिग के साथ, दूसरे दौर में बाहर हो गए थे।

बोपन्ना और एबडेन का सेमीफाइनल में मुकाबला टॉमस मचाक और झिझेन झांग की चेक–चीनी जोड़ी से होगा।

पिछले साल भारतीय शीर्ष खिलाड़ी ओपन युग में ग्रैंड स्लैम फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति बन गए थे। जब वह और एबडेन यूएस ओपन फाइनल हार गए थे।

यूएस ओपन में अपने प्रदर्शन के अलावा, यह जोड़ी चार एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची और ट्यूरिन में एटीपी फाइनल में दिखाई दी। बोपन्ना को मास्टर्स इवेंट में पुरुष युगल खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होने का गौरव भी हासिल है। यह उपलब्धि उन्हें पिछले साल 43 साल की उम्र में हासिल हुई जब वह एबडेन के साथ इंडियन वेल्स में विजयी हुए।

# सूर्यकुमार यादव को आईसीसी ने चुना टी–20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर

नईदिल्ली, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने सूर्यकुमार यादव को 2023 के लिए टी–20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना है।उन्होंने बीते साल टी–20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जोरदार प्रदर्शन किया था।उन्होंने न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन, युगांडा के अल्पेश रमजानी और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है।साल 2023 में सूर्यकुमार टी–20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन (पूर्ण सदस्य देशों में) बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे।

बीते साल सूर्यकुमार ने 18 टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में इस साल सूर्यकुमार ने 48.86 की औसत और 156 की बेहतरीन स्ट्राइक रेट के साथ 733 रन बनाए।इस बीच उनके बल्ले से 2 शतक और 5 अर्धशतक निकले।भारतीय बल्लेबाजों में सूर्यकुमार के बाद यशस्वी जायसवाल (430) रहे। पिछले साल यूएई के मोहम्मद वसीम (806) और युगांडा के रोजर मुकासा (738) ने ही उनसे ज्यादा टी–20 अंतराष्ट्रीय रन बनाए।

चैपमैन ने 2023 में 17 पारियों में 50.54 की औसत और 145.54 की स्ट्राइक रेट से 556 रन बनाए थे। इस बीच



उन्होंने 1 शतक और 4 अर्धशतक लगाए थे।बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी करने वाले रमजानी ने पिछले साल 30 टी–20 अंतराष्ट्रीय मैचों में 8.98 की औसत और 4.77 की इकॉनमी रेट से 55 विकेट लिए थे। बल्लेबाजी में उन्होंने 28.06 की औसत और 132.44 की स्ट्राइक रेट के साथ 449 रन बनाए।

# पहले टेस्ट मैच की संभावित टीम, प्रीव्यू और अन्य अहम आंकड़े

नईदिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 25 जनवरी से होने जा रहा है।सीरीज का पहला मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जाएगा।विराट कोहली पहले दो मैचों में टीम का हिस्सा नहीं रहेंगे। ऐसे में रोहित शर्मा के नेतृत्व में मेजबान टीम बेहतर प्रदर्शन कर जीत हासिल करना चाहेगी।

भारतीय टीम पहले टेस्ट में 2 तेज गेंदबाज और 2 विशेषज्ञ स्पिनर के साथ उतर सकती है।केएस भरत को पुराने अनुभव के आधार पर विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में मौका मिल सकता है। शीर्ष क्रम में यशस्वी जायसवाल को मौका मिलना तय माना जा रहा है।संभावित एकादशः रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, केएस भरत (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

हैदराबाद की पिच से स्पिनरों को मदद मिलने की संभावना को देखते हुए इंग्लैंड भी दो स्पिनरों के साथ उतर सकता है।जैक क्रॉली और बेन डकेट पारी शुरु करते नजर आ सकते हैं। कप्तान स्टोक्स पर मध्यक्रम को मजबूती देने का दारोमदार होगा। लेग स्पिनर रेहान अहमद को मौका मिल सकता है।संभावित एकादशः जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, बेन स्टोक्स (कप्तान), जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), रेहान अहमद, जैक लीच, मार्क वुड, ओली राबिन्सन और जेम्स एंडरसन।




टेस्ट प्रारूप में भारत के खिलाफ इंग्लैंड का पलड़ा भारी रहा है।अब तक दोनों टीमें 131 टेस्ट में आमने–सामने हुई हैं, जिसमें से इंग्लिश टीम ने 51 में जीत दर्ज की है और भारत ने 30 मुकाबले अपने नाम किए हैं। इस बीच 50 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।भारतीय सरजमीं पर इंग्लैंड ने 64 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से उन्होंने 14 में जीत हासिल की है और 22 में शिकस्त झेली है। इनके अलावा 28 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।

रोहित ने पिछले 9 टेस्ट में 42.86 की औसत से 600 रन बनाए हैं और गिल के बल्ले से 8 मुकाबलों में 331 रन निकले हैं।डकेट पिछले 10 टेस्ट में 904 रन बनाए हैं। रूट ने 10 टेस्ट में 816 रन बनाए हैं।अश्विन ने पिछले 8 मैच में 47 और जडेजा ने 7 मैच में 33 विकेट झटके हैं।इंग्लैंड से जैक लीच ने पिछले 5 मैच में 3.55 की इकॉनमी से 26 विकेट चटकाए हैं।

विकेटकीपरः जॉनी बेयरस्टो।बल्लेबाजः रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, बेन डकेट और जो रूट।ऑलराउंडर्सः बेन स्टोक्स (उपकप्तान), रविंद्र जडेजा।गेंदबाजः जसप्रीत बुमराह, जेम्स एंडरसन, रविचंद्रन अश्विन और ओली राबिन्सन।भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाला यह मैच 25 जनवरी (गुरुवार) से हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जाएगा।इस मैच को भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से स्पोर्ट्स–18 नेटवर्क और जियो सिनेमा ऐप पर लाइव देखा जा सकता है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com